हरिभूमि
रायपुर भूमि



राजधानी के विभिन्न मार्गों पर कारीगरों ने सजाए पुतले, दशहरा मैदानों पर जलाए जाएंगे लाखों रुपए के पुतले

बाजार में दशानन...150 से 25 हजार तक के पुतले, डब्लूआरएस में जलेगा डेढ़ लाख का रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य के विजय का उत्सव राजधानी में पारंपरिक तरीके से मनाने की तैयारी है। इसे देखते हुए बच्चों और युवाओं के लिए रावण-



कुंभकरण और मेघनाथ के छोटे पुतले तैयार करने वाले कारीगरों ने आमापारा, अग्रसेन चौक मार्ग एवं बांसटाल रूट पर पुतलों की दुकान सजाई, जहां पुतलों की पूछ-परख दिनभर रही। जहां 150 से 25 हजार के पुतले सजाए गए, जबकि मुख्य दशहरा उत्सव मैदान डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में इस बार 101 एक फीट ऊंचा और डेढ़ लाख की लागत से सिर्फ रावण का पुतला ⏭शेष पेज 4 पर

ढांचा बनाने में बांस, सजाने रंगीन कागज का उपयोग

दूसरी पीढ़ी के रूप में पुतलों के निर्माण और व्यावसाय को आगे बढ़ाने वाले मंगतु राम निषाद ने बताया कि पहले बांसटाल में पुतलों का निर्माण किया जाता था, तब ग्राहक भी सीमित हुआ करते थे। अब बाजार के साथ ग्राहक भी बढ़ने लगे हैं। इससे प्रत्येक कारीगर द्वारा तैयार किए जाने वाले रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का बाजार कई मार्गों के आसपास सजने लगा है। पुतले का ढाचा बनाने में बांस और पैरा का उपयोग किया जाता है। पुतलों को आकर्षक रूप देने के लिए रंगीन कागजों और रंगों का इस्तेमाल करते है। इनमें पटाखों को संजोने का दायित्व खरीदने वाले लोग निभाते हैं।

बड़े आयोजन स्थलों पर जलाए जाएंगे लाखों के पुतले

इस बार डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के दशहरा मैदान में सिर्फ रावण के पुतले का निर्माण करने पर डेढ़ लाख रूपए खर्च किया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला निर्माण करने पर ही तीन लाख तीन हजार रुपए खर्च किया गया है। प्रतिवर्षों की तरह इस बार भी लोगों के बीच रावण दहन से पहले आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इसमें होने वाली भीड़ को देखते हुए पुख्ता तैयारी की गई है।

खबर संक्षेप

नौकरी छोड़ने की बात पर मैनेजर को पीटा

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने एक व्यक्ति से मारपीट करने के मामले में रेस्टोरेंट के संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रार्थी दिशांत पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह लभांडी स्थित गुलाटी बाय एमपी किचन रेस्टोरेंट में मैनेजर के पद पर कार्य करता है, जिसे वह छोड़ना चाहता है। इस संबंध में जब उसने 8 अक्टूबर को रेस्टोरेंट के संचालक विशाल गुलाटी एवं पारस टंडन से बातचीत की तो इसे लेकर दोनों ने पहले नाराजगी जताई और फिर इस बात को लेकर दोनों ने गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में दोनों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

दो भाभियों ने ननद से की मारपीट, केस दर्ज



रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने युवती से मारपीट के मामले में दो महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया सोना कुमार भारती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कृष्णी और केशरी, जो रिश्ते में प्रार्थिया की भाभी हैं, ने उसे पगली कहते हुए उनके बच्चों को परेशान करने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

बत्ते से वार कर छोटे भाई का सिर फोड़ा

रायपुर। एक युवक पर बत्ता से हमला कर सिर फोड़ने के मामले में मोवा पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रार्थी सुनील बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अक्टूबर को रात करीब 11.30 बजे आरोपी अनिल बंजारे एवं महेश बंजारे, जो प्रार्थी के बड़े भाई हैं, ने घरेलू विवाद पर उसके सिर पर लकड़ी के बत्ते से वार कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ऑटो में यात्री की जेब से 21 हजार पार



रायपुर। ऑटो से जा रहे एक व्यक्ति की जेब कट गई। प्रार्थी हातिम खान ने खमतराई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 17 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे एक ऑटो रिक्शा से गाजीनगर बिरगांव से शहर की तरफ जा रहा था। उसकी जेब में 21 हजार रुपए थे। जब वह ऑटो से उतरने के बाद अपनी जेब चेक किया तो रुपए गायब थे। ऑटो में ही किसी यात्री ने उसकी जेब से पैसे निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

हड़ताल जारी, पटवारी अड़े, शासन स्तर पर ठोस पहल का हो रहा इंतजार

पटवारियों के बस्ते नहीं खुले, प्रमाणपत्र से लेकर जमीन तक के मामले फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के पटवारियों की हड़ताल पर जाने के कारण फसलों की गिरदावरी रिपोर्ट एवं पीवी एप के माध्यम से होने वाला डिजिटल सर्वे और सत्यापन के काम के साथ-साथ जमीन की नाप-जोख, जाति, निवास और आय प्रमाणपत्र बनाने का काम भी ठप है, जिसके कारण आम लोग परेशान हो रहे हैं। इधर पटवारियों की हड़ताल को खत्म कराने के लिए शासन स्तर पर अब तक ठोस पहल नहीं की गई है, वहीं दूसरी ओर पटवारी संघ भी अब अपनी मांगें मनवाने के लिए अड़ा हुआ है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मांग पूरी होने पर ही हड़ताल खत्म करेंगे।

13 अक्टूबर से हड़ताल जारी

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेशभर के पटवारी 13 अक्टूबर से हड़ताल पर चले गए हैं। नवा रायपुर स्थित धरना स्थल तूता में उनके द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि नए पीवी एप के माध्यम से कराए जा रहे डिजिटल फसल सर्वे और सत्यापन में व्यवहारिक एवं तकनीकी दिक्कते आ रही हैं, वहीं दूसरी और तकनीकी ⏭शेष पेज 4 पर





हड़ताल के कारण ये काम ठप

- जमीन की नाप-जोख और सीमांकन के पुराने मामले अटक गए हैं।
- जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र बनाने का काम रुक गया है, जिससे छात्रों और आम लोगों को परेशानी हो रही है।
- नए पीवी एप के माध्यम से होने वाला डिजिटल फसल सर्वे और सत्यापन का काम भी ठप है। सूत्रों से पता चला कि प्रदेशभर में पीवी एप के माध्यम से लगभग 40 से 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन हड़ताल के कारण शेष अटका हुआ है।
- धान खरीदी संभवतः 15 नवंबर से शुरू होगी। इसके लिए गिरदावरी की रिपोर्ट भी तैयार कराई जा रही थी। सूत्रों के अनुसार प्रदेशभर में गिरदावरी का 90 से 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, वहीं शेष 5 से 10 प्रतिशत काम हड़ताल के कारण रुका हुआ है।
- भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों के नुकसान का आकलन का सर्वे कार्य पर भी हड़ताल का असर पड़ा है। कहीं-कहीं अभी तक नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है।
- तहसील और पटवारी कार्यालयों एवं न्यायालयों में भू-अभिलेख, राजस्व प्रकरणों से जुड़े मामले, किसान-संबंधी दस्तावेजों के निराकरण के काम पर भी हड़ताल का असर देखा जा रहा है। तहसील न्यायालयों में कई प्रकरणों में पटवारियों के प्रतिवेदन की जरूरत होती है, जिसके बाद सुनवाई एवं आदेश जारी नहीं हो पा रहे है।

टार फैक्ट्री में भीषण आग, 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के उरला इंडस्ट्रियल एरिया के पोरवाल टार फैक्ट्री में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर काम कर रहे थे, लेकिन आग लगते ही सभी मजदूर सुरक्षित वहां से निकल गए। इधर आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उरला पुलिस एवं अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पोरवाल टार फैक्ट्री में दोपहर करीब 1.30 बजे उस समय आग लगी जब वहां काम चल रहा था। आग लगने के बाद कुछ मिनटों में ही तेजी से फैल गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के दौरान सभी मजदूर अपनी जान बचाकर स्पॉट से दूर चले गए। इधर आग लगने की सूचना फैक्ट्री प्रबंधक की ओर से तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। इस सूचना के ⏭शेष पेज 4 पर





टार के रिसाव से आग लगने की आशंका

आग लगने का कारण टार का रिसाव एवं शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। रिसाव वाली जगह पर शॉर्ट सर्किट होने से उसमें आग लग गई, जो तेजी से फैल गई। इस आगजनी में कितने का नुकसान है, इसका आंकलन अभी नहीं किया जा सका है। हालांकि अच्छी बात यह है कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

आईएएस अफसर के नाम पर फेसबुक आईडी बनाने वाले जालसाज फंसे





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के आईएएस अफसर सुबोध सिंह के नाम पर फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग करने के साथ शेयर ट्रेडिंग में

- ठगी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को उत्तरप्रदेश से किया गिरफ्तार

मुनाफा कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले का सोमवार को रायपुर पुलिस ने खुलासा किया है। ठगी करने वाले दोनों आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस दोनों को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आई है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत उत्तरप्रदेश से दो अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी ने प्रमुख सचिव और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुबोध कुमार सिंह के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई और उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की थी। इसमें प्रार्थी सुशांत पनका ने राखी थाना में शिकायत भी की है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 319(2), 336(3) बीएनएस, 66(सी) आईटी एक्ट के तहत अपराध ⏭शेष पेज 4 पर

शेयर ट्रेनिंग के नाम पर 88 लाख की ठगी

ठगी के दूसरे मामले में भी पुलिस ने आरोपी प्रवीण दीक्षित 46 वर्ष को पांडुनगर हंसनगर कानपुर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। इस मामले में प्रार्थी रश्मि शर्मा ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ शेयर ट्रेनिंग में मुनाफा कराने के नाम पर 88 लाख रुपए की ठगी हुई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 318(4), 3(5), 238, 111 बी एन एस, 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस प्रकरण में जांच करते हुए पुलिस ने बैंक खाता, मोबाइल नंबर एवं वॉट्सएप से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण कर मुख्य आरोपी प्रवीण कुमार दीक्षित की पहचान कर उसे कानपुर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया।

कई जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के नाम की भी बना रखे थे फर्जी आईडी

पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर से स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के नाम की भी फर्जी आईडी फेसबुक में बना रखी है। जांच में आईडी के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस आशंका जता रही है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के परिचीतों से भी पैसे मांगे हैं, जिसका खुलासा जांच में होने की संभावना है।

ज्योत-जंवारा विसर्जन में मासूम से कराया दंडवत प्रणाम





रायपुर। नवरात्रि पर्व में नौ दिनों तक ज्योत-जंवारा में माता की शक्ति विद्यमान होती है। मान्यता है कि मन्नत मांगने वाले और बीमारियों से मुक्ति के लिए लोग बच्चों को विसर्जन यात्रा के बीच सिर पर ज्योत-जंवारा धारण करके चलने वाले श्रद्धालुओं के रास्ते में लोटन देने या दंडवत प्रमाण कराने की रस्म निभाते आ रहे हैं। सोमवार को नंदी चौक टिकरापारा से निकाली गई यात्रा के दौरान तब लोग आश्चर्यचकित हुए, जब दो महिलाओं द्वारा करीब डेढ़ महीने के मासूम को लोटन दिलाने के लिए ज्योत-जंवारा लेकर आगे बढ़ रहे श्रद्धालुओं के रास्ते में लिटा दिया गया। उसे लांघते हुए यात्रा में शामिल लोग आगे बढ़े, उस पल की तस्वीर।

नशीली टेबलेट बरामद धरे गए दो विक्रेता

रायपुर। राजधानी रायपुर में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के संबंध में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 209 नग नशीली टेबलेट, एक स्कूटी और मोबाइल फोन सहित कुल 1 लाख 43 हजार 600 रुपये कीमत का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र के तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे एक युवक दोपहिया वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्ति और उसके वाहन की पहचान की। इसके बाद घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने ⏭शेष पेज 4 पर

निगम के बाजार विभाग ने लाइसेंसी पटाखा विक्रेताओं के आवेदन पर निकाली लॉटरी

लाखेनगर के हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर 25 से अस्थायी पटाखा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के लाखे नगर क्षेत्र स्थित ईदगाहभाठा के हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर दीपावली त्योहार के मौके पर अस्थायी पटाखा बाजार लगाया जाएगा। इस पटाखा बाजार में

- दीपावली पर 25 अक्टूबर से 20 नवंबर तक सजेगा पटाखा बाजार

96 दुकानें रहेंगी। निगम के बाजार विभाग ने जोन 5 कार्यालय परिसर में लाइसेंसी पटाखा विक्रेताओं के मिले आवेदन के आधार पर दस्तावेज परीक्षण करने के बाद अस्थायी पटाखा दुकानों के स्थल आवंटन के लिए पटाखा विक्रेताओं की मौजूदगी में लाटरी निकाली। रायपुर नगर निगम द्वारा शहर में 25 अक्टूबर से 20 नवंबर तक दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए लाखे नगर के हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर अस्थायी पटाखा बाजार लगाने की तैयारी की जा रही है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के आदेश पर बाजार विभाग की उपाायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा के निर्देश पर पटाखा दुकान लगाने वाले इच्छुक लाइसेंसी पटाखा विक्रेताओं से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए। आवेदनों की जांच के बाद उन्हें निर्धारित नियम व शर्तो के आधार पर पटाखा दुकान लगाने के लिए निर्धारित साइज ⏭शेष पेज 4 पर



96 दुकानें रहेंगी

लाखे नगर के हिंद स्पोर्टिंग मैदान पर अस्थायी पटाखा बाजार लगाया जाएगा, जिसमें 96 दुकानों के लिए लाटरी निकाली गई है। 25 अक्टूबर से 20 नवंबर तक लगने वाले पटाखा बाजार के लिए संबंधित पटाखा विक्रेताओं को जल्द लेआउट तैयार कर चूने की मार्किंग करते हुए निर्धारित साइज में पटाखा दुकान लगाने के लिए जगह का अस्थायी एलाटमेंट किया जाएगा।

- डॉ. अंजलि शर्मा
उपायुक्त, नगर निगम रायपुर

पटाखा दुकान से निगम को होगी 9.50 लाख रुपए की कमाई

नगर निगम को त्योहारी सीजन में अस्थायी पटाखा बाजार के लिए 96 दुकानों के लिए जगह का अस्थायी रूप से आवंटन किए जाने पर अनुमति शुल्क और लाइसेंसी शुल्क के रूप में 96 पटाखा विक्रेताताओं से करीब 9 लाख 50 हजार रुपए के राजस्व की अतिरिक्त कमाई होगी। नगर निगम पटाखा बाजार क्षेत्र की सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराएगा। जबकि संबंधित पटाखा विक्रेताओं को पटाखा दुकान में बिजली की व्यवस्था के लिए अस्थायी मीटर कनेक्शन और सुरक्षा के लिए गार्ड की व्यवस्था स्वयं के व्यय पर करनी होगी। पटाखा बाजार क्षेत्र में आकस्मिक आगजनी की घटना पर नियंत्रण करने अग्निशमन विभाग द्वारा दमकल वाहन की व्यवस्था नियम अनुसार की जाएगी।

खबर संक्षेप

पिरदा की तानिया का जवाहर उत्कर्ष में चयन



आरंग। जनपद पंचायत आरंग के शासकीय प्राथमिक शाला पिरदा की छात्रा कुमारी तानिया घृतलहरे, पिता पीलेश्वर घृतलहरे का जवाहर उत्कर्ष में चयन हुआ है। उसके चयन से परिवार एवं गांव में हर्ष व्याप्त है। उसकी इस सफलता पर शाला परिवार के कुंभज सिंह कश्यप प्रधानपाठक, कीर्तन राम साहू, कौशल कुमार साहू, विजय कुमार साहू, मनोज कुमार चतुर्वेदी व लक्ष्मण दास घृतलहरे, सेवाराम साहू प्रधानपाठक, मिडिल स्कूल पिरदा, दिनेश विश्वकर्मा, मंजूर साहू संकुल समन्वयक, गुलशन डोंडे प्रधानपाठक, मिडिल स्कूल सकरी, शिक्षक अशोक साहू, विक्रमचंद वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष भागचंद साहू, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष संतोष साहू और उदल सांकड़े सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उन्हें बधाई दी है।

गौपालकों को नहीं मिल रही सब्सिडी



आरंग। मैदानी क्षेत्रों में गौपालन करने वाले पशुपालकों को सब्सिडी का पर्याप्त लाभ नहीं मिलने से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस ज्वलंत मुद्दे पर जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने तीखे सवाल खड़े करते हुए शासन-प्रशासन से नीतिगत सुधार की मांग की है। उन्होंने कहा है कि एक तरफ पशुपालक चारे, रखरखाव और उपचार के बढ़ते खर्चों से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मैदानी इलाकों के गौपालकों की उपेक्षा से स्थानीय स्तर पर शुद्ध दूध की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने चिंता जताई कि दूध की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर का फायदा उठाकर बाजार में नकली दूध, पनीर और खोवा बड़े पैमाने पर खपाए जा रहे हैं, जो आम जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की है कि शासन की योजनाओं और अनुदान का लाभ देने में किसी भी प्रकार का क्षेत्रीय भेदभाव नहीं होना चाहिए, ताकि पात्र पशुपालकों को संबल मिल सके।

सगुनी की रामलीला का समापन कल



तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम सगुनी में 34 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आदर्श रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का भव्य मंचन शुरू हो गया है, जिसका समापन 21 अक्टूबर को रावण दहन के साथ होगा। 18 अक्टूबर को आयोजित शुभारंभ समारोह में रामलीला के संस्थापक दाऊ सुरेंद्र कश्यप और क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर व श्रीफल तोड़कर लीला मंचन का विधिवत आगाज किया। गांव की यह अनूठी व ऐतिहासिक परंपरा रही है कि यहाँ मुख्य दशहरा पर्व के ठीक एक दिन बाद दशहरा उत्सव मनाया जाता है। इसी क्रम में जहाँ अंचल के समीपस्थ गांवों तरपोंगी, सड्डु और खैरखूँट में 20 अक्टूबर को रावण दहन संपन्न होगा, वहीं सगुनी व भूमिया में 21 अक्टूबर को धूमधाम से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

निधन

चमेली बाई शर्मा



आरंग। स्थानीय ब्राह्मण पारा निवासी 77 वर्षीया चमेली बाई शर्मा पति स्वर्गीय नंद कुमार पौराणिक का निधन 18 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार दमोहा तालाब मुक्तिधाम में 19 अक्टूबर को किया गया। अंतिम यात्रा में समाज, परिवार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। वे पं. कमल नारायण शर्मा (ददू महाराज) की माता एवं पं. अजित शर्मा (कान्हा) की दादी थी।

चरौदा में 27 वर्षों से विजयादशमी पर रामलीला मंचन की परंपरा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

जब मोबाइल और टीवी की चकाचौंध ने गांव की चौपालों से लोक-संस्कृति को दूर कर दिया है, ऐसे में करीब 2900 की आबादी वाला एक छोटा-सा गांव आज भी अपनी सांस्कृतिक विरासत को सीने से लगाए हुए है।

मंगलवार को दशहरा पर्व अंचलभर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा और गांव-गांव में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की लीला का मंचन होगा। इस कड़ी में ग्राम चरौदा एक मिसाल बनकर उभरा है। यहां के बाजार चौक में नव जागृति लीला मानस मंडली द्वारा वर्ष 1998 से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। करीब 27 वर्षों से जारी यह परंपरा सिर्फ नाटक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का प्रयास है। मंडली के मैनेजर तुकाराम सेन बताते हैं कि दशहरा आते ही गांव में अलग ही उल्लास होता है। बच्चे बेसब्री से लीला मंचन का इंतजार करते हैं और कलाकारों में भी उत्सुकता रहती है। मंडली अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साहू ने चिंता जताते हुए कहा कि टीवी-मोबाइल के युग में इस परंपरा से लोगों का जुड़ाव कम हो रहा है। इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

रामलीला से आने वाली पीढ़ियों को जोड़ने का प्रयास जारी



जीवन जीने की पाठशाला है रामलीला

गांव के शिक्षक और संस्कृति प्रेमी महेंद्र पटेल का कहना है, रामलीला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की पाठशाला है। इसमें त्याग, मर्यादा और सत्य की सीख है। यदि हम इसे नहीं बचाएंगे तो आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से कट जाएगी। जरूरत है कि युवा आगे आएं और इस परंपरा को थामें। इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए चंदू साहू, भारत साहू, मुंशी साहू, प्रेमचंद साहू, हेमंत साहू, बुगेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, पितांबर साहू, देवलाल साहू, मोहर सेन, देवा साहू, घनश्याम साहू, विष्णु प्रसाद साहू, डिगेश्वर साहू, अमित साहू, फागुलाल, गोपाल यादव, चंद्रकांत मानिकपुरी और सौरभ साहू जैसे युवा कलाकार निस्वार्थ भाव से जुटे हैं। मंडली द्वारा सीता स्वयंवर, सीता हरण, अहिरावण वध, रावण-अंगद संवाद और रावण वध जैसे प्रसंगों के मंचन के माध्यम से नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

आरंग में मनाया गया सतनामी स्वाभिमान दिवस

विधायक वेतनराशि जनसेवा और शिक्षा के लिए समर्पित : मंत्री खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

सतनामी समाज के आदेशक, निर्देशक एवं मार्गदर्शक, राजागुरु एवं धर्मगुरु परम पूज्य गुरु बालदास साहेब के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधानसभा के विधायक गुरु खुशवंत साहेब के शासकीय निवास एम-3 में सतनामी स्वाभिमान दिवस श्रद्धा, सामाजिक एकता, स्वाभिमान और जनसेवा के संदेश के साथ भव्य रूप से आयोजित किया गया।

इस गरिमामयी आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सर्वसमाज, सतनामी समाज एवं वरिष्ठ नेताओं सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और परम पूज्य गुरु बालदास साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस विशेष अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अपने पूज्य पिताश्री के अवतरण दिवस को सेवा और शिक्षा के संकल्प से जोड़ते हुए अपनी पूरी विधायक वेतनराशि आरंग विधानसभा के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए समर्पित करने की घोषणा की।

साथ ही उन्होंने आरंग विधानसभा के मंदिर हसौद क्षेत्र की दो प्रतिभावान छात्राओं मानसी टंडन और धनेश्वरी यादव को अपनी वेतनराशि से लैपटॉप भेंट कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को प्रोत्साहित किया। टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाली मानसी टंडन सहित दोनों छात्राओं को लैपटॉप प्रदान करना प्रतिभा के सम्मान और बेटियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही।



प्रतिभावान छात्राओं को मिला लैपटॉप और उच्च शिक्षा का संबल

लैपटॉप वितरण के दौरान मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अथवा कोचिंग के लिए उन्हें आर्थिक परेशानियों की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। वे उनकी आगे की पढ़ाई और कोचिंग का पूरा खर्च उठाएंगे। मंदिर हसौद क्षेत्र की निवासी छात्राएं मानसी टंडन और धनेश्वरी यादव लैपटॉप प्राप्त कर उत्साहित हो गईं। दोनों ने मंच पर उपस्थित गुरुजनों का आशीर्वाद लिया एवं परम पूज्य गुरु बालदास साहेब और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्राओं ने अपने भविष्य के लक्ष्यों को साझा करते हुए आगे भी पूरी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ पढ़ाई करने का संकल्प व्यक्त किया। लैपटॉप मिलने के साथ-साथ आगे की पढ़ाई और कोचिंग का पूरा खर्च उठाने के आश्वासन ने उनके शैक्षणिक सफर को लेकर नई उम्मीद जगाई। परम पूज्य गुरु बालदास साहेब के अवतरण दिवस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा के सर्वसमाज के जरूरतमंद लोगों, गरीब एवं निर्धन कन्याओं और प्रतिभावान विद्यार्थियों की सहायता के लिए अपनी पूरी विधायक वेतनराशि समर्पित करने की घोषणा की।

गुरु परंपरा और मानव सेवा का संदेश

छत्तीसगढ़ शासन में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री के रूप में उनकी इस पहल में शिक्षा, डिजिटल सशक्तीकरण और कौशल विकास से जुड़े सरोकार भी प्रमुखता से सामने आए। लैपटॉप वितरण, पढ़ाई एवं कोचिंग के खर्च की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन और निःशुल्क कोचिंग सेंटर की घोषणा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। एम-3 शासकीय निवास में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी ने गुरु बालदास साहेब के प्रति श्रद्धा और गुरु परंपरा के प्रति सम्मान को अभिव्यक्त किया। आयोजन ने सामाजिक एकता, स्वाभिमान, शिक्षा और मानव सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का यह संकल्प समाज की बेटियों को प्रोत्साहित करने, प्रतिभावान विद्यार्थियों को सहयोग देने और जरूरतमंद परिवारों के लिए सहायता के अवसर उपलब्ध कराने की भावना को रेखांकित करता है। इस अवसर पर गुरु माता प्रवीण माता, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब, गुरु परिवार के सदस्यों सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, अखिल भारतीय सतनाम सेना, सतनामी समाज एवं सर्वसमाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सतनामी स्वाभिमान दिवस का संदेश स्पष्ट है गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा, समाज के प्रति जिम्मेदारी और शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण ही स्वाभिमान की सच्ची अभिव्यक्ति है।



तामासिवनी में महानवमी पर हवन कन्या भोज और विशाल भंडारा

आरंग। मंडी चौक स्थित माता मंडिलेश्वरी दुर्गोत्सव समिति के पंडाल में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और उल्लास के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। आज मां दुर्गा के नवम स्वरूप की आराधना के साथ भव्य हवन-पूजन, नव कन्या भोज और विशाल माता प्रसादी (भंडारा) का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुबह से ही पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच मुख्य यजमान एवं आचार्यों द्वारा विधि-विधान से महाहवन संपन्न कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र एवं समाज की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हवन के उपरांत नव कन्या पूजन का भव्य आयोजन हुआ। नौ छोटी कन्याओं को माता रानी के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनके पांव पखारे गए, चुनरी ओढ़ाई गई और तिलक लगाकर विधि-विधान से पूजा की गई। इसके पश्चात कन्याओं को पूरी, हलवा, चना और उपहार भेंट कर भोजन कराया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने सभी माताओं से निवेदन किया कि वे अपने घर-परिवार और मित्रों को प्रेरित कर अपने आसपास कम से कम दो से तीन पेड़ लगाएं, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। कन्या पूजन के बाद विशाल माता प्रसादी (भंडारे) का शुभारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों एवं पारा वासियों ने व्यवस्था संभाली और आने-जाने वाले सभी भक्तों को आदर-सत्कार के साथ प्रसाद वितरित किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि माता रानी के आशीर्वाद से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संपूर्ण आयोजन अत्यंत भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी नगरवासियों और श्रद्धालुओं का सहयोग प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में आरती उतारी गई और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। दुर्गा पंडाल के पंडा भीखा साहू एवं भुखन तारक ने बताया कि नौ दिनों तक माता जी की सेवा कर उन्हें सौभाग्य की अनुभूति हुई।

दशहरा आज, रावण वध समारोह की क्षेत्र में अनेक स्थान पर भव्य तैयारी

धरसींवा अंचल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विजयादशमी का पावन पर्व अपार उत्साह, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाने की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर पंचायत कुंरा सहित अंचल के कई प्रमुख गांवों में असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर पूरे क्षेत्र का माहौल उत्सवमय बना हुआ है तथा बाजारों एवं चौक-चौराहों पर भारी चहल-पहल देखने को मिल रही है।



- गांव-गांव में दशहरा त्योहार की तैयारी की जा रही है, शाम से पहले मेले जैसा रहेगा माहौल

आयोजकों द्वारा भव्य मंच और पुतले तैयार किए जा रहे हैं।

निंनवा की परंपरा शताब्दी पार कर चुकी : इस बार धरसींवा क्षेत्र के ऐतिहासिक ग्राम निंनवा में रावण दहन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। ग्राम निंनवा अपनी रावण दहन की गौरवशाली परंपरा के सौ वर्ष यानी शताब्दी वर्ष पिछले कुछ वर्ष पहले ही पूर्ण कर चुका है। शताब्दी से भी अधिक प्राचीन परंपरा को संजोए इस गांव में हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष और भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम का साक्षी बनने के लिए निंनवा तथा आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों द्वारा इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए आकर्षक आतिशबाजी और विशालकाय पुतले का निर्माण कराया गया है।

मोहदी में रावण की विशेष पूजा और गर्भवती महिलाओं की मन्नत

दूसरी ओर, धरसींवा से लगे ग्राम पंचायत मोहदी में विजयादशमी के दिन एक अनूठी और अनोखी परंपरा निभाई जाती है। यहां बरसों से दशहरे के अवसर पर महाज्ञानी रावण महाराज की विशेष पूजा-अर्चना और आरती करने की प्रथा चली आ रही है। मान्यता है कि ग्राम मोहदी में रावण महाराज के दरबार में मत्था टेकने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विशेष रूप से निःसंतान और गर्भवती महिलाएं यहां अपनी संतान के सुख, उत्तम स्वास्थ्य और कुशल प्रसव की मन्नत मांगने आती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां मांगी गई मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। इसी अटूट आस्था के चलते प्रति वर्ष विजयादशमी पर रावण महाराज के दर्शन और विशेष पूजा के लिए दूर-दूर से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है।

उपद्रवियों और तेज बाइकर्स पर होगी कार्रवाई

थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दिवान ने बताया कि दशहरा पर्व के दौरान शांति, कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। धरसींवा थाना पुलिस ने चाक-चौबंध सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने साफ शब्दों में समझाइश दी है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग, नशाखोरी या उपद्रव करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। तेज रफ्तार से बाइक चलाने वाले स्टंटबाजों, साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वाले नशेड़ियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा। सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले दहन स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में पर्व का आनंद उठा सकें।



मंदिर हसौद में कल दशहरा महोत्सव

मंदिर हसौद। राजधानी रायपुर के पास के नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद शास्त्री चौक से श्री राम जानकी मंदिर बाड़ा परिसर में रामलीला मंचन का 69 वा वर्ष पर 7 दिवसीय भगवान रामलीला का मंचन किया जा रहा है। भगवान श्री राम का जन्म से लीला का शुभारंभ किया गया, जिससे मंदिर हसौद पूरे अयोध्या जैसे चारों तरफ में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ था। दूसरे दिन मुनि आगमन, ताड़का वध, मारीच दरबार, तृतीय दिवस धनुष यज्ञ, परशु राम संवाद, श्री राम विवाह, चतुर्थ दिवस को सूर्पनखा प्रसंग खरदूषण वध, सीता हरण, पंचम दिवस सुग्रीव मित्रता, बाली वध लंका दहन हुई, तथा छठवां दिवस अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति बाण कुंभकरण वध, और सातवां दिवस 21 अक्टूबर को भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन। जहां मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री, विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण शर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री, राजेश्री महंत रामसुंदर दास पूर्व विधायक, डॉ शिवकुमार डहरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री, अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद कार्यक्रम के आयोजन संचालक त्रिलोचन साहू, संरक्षक शोभित साहू, अजय सिंह, राधे श्याम पटेल, अध्यक्ष आदित्य सिंहा, उपाध्यक्ष देव कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंहा, सचिव निर्मलकर, सह सचिव देवानंद साहू संगठन सचिव धनेश पटेल, प्रचार प्रमुख नरेंद्र ध्रुव व अन्य।

भानसोज में हवन-पूजन, श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

आरंग। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम भानसोज स्थित मानस भवन दुर्गोत्सव समिति के दुर्गा पंडाल में आज विधि-विधान के साथ हवन-पूजन किया गया। धार्मिक वातावरण के बीच आयोजित इस पूजा-अनुष्ठान में समस्त ग्रामवासियों के साथ समिति के सदस्य तथा मोहल्ले की बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की और सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। हवन-पूजन के दौरान दुर्गा पंडाल में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था और सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया। आयोजन में ग्रामवासियों और समिति सदस्यों की उपस्थिति से आपसी सद्भाव एवं सामाजिक एकता का संदेश भी देखने को मिला। मानस भवन दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नवरात्र के अवसर पर आयोजित ऐसे धार्मिक अनुष्ठान ग्रामीणों को आस्था के साथ जोड़ने और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



शोभायात्रा निकाली, ज्योत-जवारा का किया विसर्जन

कूंरा। अंचल के गांवों में सोमवार नवमी के अवसर पर दुर्गा पंडाल व मंदिर देवालयों में भक्तों द्वारा प्रज्वलित मनोकामना ज्योति कलश एवं जंवारा का विसर्जन किया गया। वहीं नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा ज्योत जंवारा का शोभा यात्रा निकलकर सेवा भजन मंडली द्वारा माता सेवा की भजन गायन करते शीतला माता रानी सागर तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ अंत तक जुटी रही।

रात में नहर का गेट गिराने से किसानों में आक्रोश

नहर का गेट गिराकर मछली पकड़ने वालों पर कसा शिकंजा, अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

महानदी मुख्य नहर से निकली नहर नालियों में दिन के समय भरपूर पानी बहता है, लेकिन रात होते-होते इनके गेट गिरा दिए जाते हैं। इसकी वजह से पानी की धार टूटने से अंतिम छोर के खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे किसानों में आक्रोश है। गेट गिराने का काम विभाग नहीं, बल्कि मछली पकड़ने वाले विघ्नसंतोषी तत्व कर रहे हैं। बीती रात शिकायत पर पेट्रोलिंग करने निकले दल को टेकारी और डिघारी नाली के गेट पूरी तरह बंद मिले। टेकारी नहर नाली पार पर दल को कोई नहीं मिला, लेकिन डिघारी में दो युवक गेट के पास मिले। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है। ज्ञातव्य हो कि इस समय महानदी मुख्य नहर में लगभग पूरी क्षमता से पानी छोड़ा जा रहा है और इससे निकली नहर नालियां भी तकरीबन पूरे शबाब पर हैं। दिन में तो कोई समस्या नहीं रहती, लेकिन रात होते-होते अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले विघ्नसंतोषी तत्व सक्रिय हो जाते हैं और गेट गिराकर मछली पकड़ते हैं। इसकी वजह से पानी की धार टूट जाती है। बताया जाता है कि इन तत्वों ने गेट की डुप्लीकेट चाबी भी बनवा रखी है, जिससे वे गेट खोलते और बंद करते हैं।

संखरी सहित कई गांवों के किसानों को हो रही थी परेशानी

वितरक शाखा नंबर 24 के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम संकरी के किसानों की पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने की शिकायत पर एक-दो दिन पहले जल उपभोक्ता संस्था टेकारी के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने संबंधित बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अनुविभागीय अधिकारी विनोद कुमार बहादुर का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था। बीती रात करीब 11 बजे पेट्रोलिंग पर पहुंचे दल को दोनों नालियों के गेट पूरी तरह बंद मिले, जिन्हें खोलकर पानी का प्रवाह पुनः शुरू किया गया।

सोमवार को भूपेंद्र शर्मा ने ग्राम संकरी पहुंचकर सरपंच प्रतिनिधि निखिल वर्मा, उपसरपंच शिवा, पूर्व सरपंच टीकाराम वर्मा सहित मौजूद किसानों से पेट्रोलिंग दल के सदस्यों के साथ चर्चा की। निगरानी हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। विभागीय अमला नहीं होने की जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने निगरानी के लिए ग्रामीणों का दल बनाने तथा खासकर रात के समय वितरक शाखा के हेड से लेकर नहर नाली के अंतिम छोर तक सतत चौकसी का सुझाव दिया।

ग्रामीणों ने दिया निगरानी दल बनाने का सुझाव

उन्होंने इस शाखा के अधीन आने वाले ग्राम टेकारी, कुंडा, कठिया, सोनभट्ठा व अमेरी के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम प्रमुखों से आग्रह किया है कि वे किसानों को अपने-अपने खेतों के पानी निकासी के रास्ते बंद कर खेतों में पानी सुरक्षित रखने तथा पानी व्यर्थ नाले में न जाने देने के लिए मुनादी भी करवाएं। साथ ही, जिन कुलापों से सिंचाई पूरी हो चुकी है, उनसे पानी की निकासी बंद करवाने में विभागीय अमले को सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया है कि प्रतिदिन शाम ढलने के बाद से सुबह होने तक नहर नालियों में मिलने वाले विघ्नसंतोषी तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में हिचकिचाहट न दिखाएं। मछली पकड़ने के जाल मिलने पर उन्हें तत्काल जब्त करवाएं और आवश्यक होने पर पुलिस की मदद भी लें।

किसने कितनी पोस्ट डाली, प्रदेश के आईटी सेल को रिपोर्ट बनाने के भी निर्देश

मंत्री, सांसद, विधायक, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया में दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने रायपुर दौरे से पहले ही प्रदेश संगठन को तरह-तरह के फरमान जारी करने प्रारंभ कर दिए हैं। एक नए फरमान में प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद, विधायकों और सभी पदाधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया में प्राथमिकता के साथ पोस्ट करने के लिए कहा है। अपने व्यक्तिगत कार्यक्रमों से हटकर योजनाओं पर ज्यादा ध्यान देने की भी नसीहत दी गई है। प्रदेश के आईटी सेल से सभी के सोशल मीडिया अकाउंट का पूरा रिपोर्ट कार्ड भी तैयार करने के लिए कहा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि जब प्रदेश प्रभारी रायपुर में बैठकें लेंगी तो इस पर भी उनका ध्यान रहेगा।

भाजपा के जानकारों का कहना है कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर हमेशा से ही भाजपा के सभी मंत्री, सांसद, विधायक ही नहीं, भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्रमुखता से पोस्ट करते हैं। इसी के साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष के संदेशों के साथ ही केंद्रीय मंत्रियों के भी संदेश पोस्ट किए जाते हैं। केंद्र सरकार से भी केंद्रीय योजनाओं की जो जानकारी आती है, उसे भी पोस्ट किया जाता है। इसकी हमेशा रिपोर्ट तैयार करके भी राष्ट्रीय संगठन को भेजी जाती है। समय-समय पर राष्ट्रीय संगठन से निर्देश भी मिलते हैं, उसका भी पालन किया जाता है।

स्मृति का फरमान



ज्यादातर व्यक्तिगत पोस्ट

जानकारों का कहना है कि भले ही मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश के पदाधिकारी केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को भी पोस्ट करते हैं, लेकिन ज्यादातर के अकाउंट देखने पर उनकी व्यक्तिगत पोस्ट ज्यादा नजर आती है, जिसमें उनके किसी कार्यक्रम में जाने की, किसी मंदिर, धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम में जाने की पोस्ट रहती है। इसी के साथ शादी समारोह में जाने, त्योहारों के साथ ही किसी के जन्मदिन के बधाई संदेशों से भी इनका सोशल मीडिया अकाउंट भरा रहता है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी ने सबकी रिपोर्ट बनाने का फरमान जारी किया है, उसमें कहा गया है कि जिनका भी रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है, उसमें सिर्फ और सिर्फ सरकारी योजनाओं की पोस्ट और सरकार की नीतियों की पोस्ट की संख्या को ही रखना है। रिपोर्ट कार्ड देखने के बाद प्रदेश प्रभारी तय करेंगी कि क्या करना है। यह बात तो तय है कि अब मंत्री, सांसद, विधायकों और प्रदेश के पदाधिकारियों को सोशल मीडिया में व्यक्तिगत पोस्ट से ज्यादा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर ही फोकस करना पड़ेगा।

:: आम सूचना ::

ग्राम रावांभाठा, प.ह.न. 86 रा.नि.म. रायपुर-21-रावांभाठा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि ख.न. 55/3 रकबा 0.2380 हे. के बिक्री एवं आधिपत्य के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार टीकाराम साहू पिता स्व. तीज राम साहू निवासी वार्ड नं. 12, रावांभाठा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता दयानंद शर्मा पिता स्व. रामधनी शर्मा निवासी म.न. 07/662, सेक्टर-01, शिवानंद नगर, डब्लु.आर.एस. कॉलोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके एकल स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम रावांभाठा, प.ह.न. 86 रा.नि. म. रायपुर-21-रावांभाठा, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित कृषि भूमि ख.न. 55/3 रकबा 0.2380 हे. को मेरे पक्षकार के पास 30,94,000/- अक्षरी तीस लाख चौरान्बे हजार रूपये मे विक्रय कर मेरे पक्षकार से विक्रय प्रतिफल राशि में से लगभग 10,00,000/- अक्षरी दस लाख रूपये प्राप्त कर दिनांक 04/08/2026 को मेरे पक्षकार के पक्ष में बिक्री इकरारनामा का निष्पादन कर उपरोक्त बिक्रीशुदा भूमि का आधिपत्य प्रदान कर दिया है जिसका बचत प्रतिफल राशि देकर पंजीयन कार्यालय में पंजीयन कराना शेष है अतएव सर्वसाधारण आम जनता, व्यक्ति, निकाय, सामाजिक संस्था को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी को कोई दावा आपत्ति हो तो वे सूचना प्रकाशन होने के सप्ताह भर के भीतर मय, दस्तावेज हमारे कार्यालय के पते पर या हमारे पक्षकार के पते पर आकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करा सकते है। म्याद अवधि गुजर जाने के पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नही होगा। अतएव सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर छ.ग. दिनांक- 19/10/2026

भवदीय
दिनेश कुमार पाण्डेय अधिवक्ता,
निकिता पाण्डेय अधिवक्ता
कार्यालय, स्टेडियम के पास, धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)मो. नं.- 9826198643

बैज ने की मांग- दीपावली तक धान खरीदी शुरू नहीं हुई तो किसानों को मिले अग्रिम भुगतान

एक एकड़ के धान की राशि किसानों के खातों में जमा करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तारीख घोषित नहीं होने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मांग की है कि दीपावली से पहले धान खरीदी शुरू की जाए। यदि सरकार निर्धारित समय पर खरीदी शुरू नहीं कर पाती है, तो प्रत्येक किसान को कम से कम एक एकड़ में उत्पादित धान के मूल्य के बराबर अग्रिम भुगतान किया जाए, ताकि किसान त्योहार मना सकें। उन्होंने कहा, धान खरीदी शुरू होने पर अग्रिम दी गई राशि का समायोजन किसानों को मिलने वाले भुगतान में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, धान खरीदी में देरी होने से किसानों के हाथ खाली रह सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह दीपावली के अवसर पर कर्मचारियों और कामगारों को बोनस या अग्रिम राशि देने की परंपरा है, उसी तरह सरकार को भी किसानों के हित में कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार ने अब तक धान खरीदी की तारीख घोषित नहीं की है। उनके मुताबिक, खरीदी की जमीनी तैयारियां भी अधूरी हैं। उन्होंने एक नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग करते हुए कहा, इस समय तक सामान्यतः किसानों की फसल खेतों से खलिहान तक पहुंच जाती है और उपज बेचने के लिए तैयार रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पिछले दो वर्षों से धान खरीदी में देरी कर रही है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैज के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य में पिछले ढाई वर्षों के दौरान हुई 258 रुपये की वृद्धि को जोड़ने पर किसानों को 3358 रुपये प्रति क्विंटल मिलना चाहिए।


सुन्दर नगर भव्य दशहरा उत्सव
आमंत्रण
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी सांसद-रायपुर लोकसभा
मान. सुनील सोनी जी विधायक-रायपुर दक्षिण
श्रीमती मीनल चौबे जी महापौर-न.पा.नि. रायपुर
श्री रमेश ठाकुर जी जिलाध्यक्ष-भाजपा
मान. प्रमोद दुबे जी पूर्व महापौर-न.पा.नि. रायपुर
मान. जे.पी. शर्मा जी उपाध्यक्ष-आरडीए
मान. बंकिम शुक्ला जी सी.ए.
मुख्य अतिथि - मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, सांसद-रायपुर लोकसभा
विशेष अतिथि - मान. श्री सुनील सोनी जी, विधायक-रायपुर दक्षिण
अध्यक्षता - मान. श्रीमती मीनल चौबे जी, महापौर-न.पा.नि. रायपुर
विशेष अतिथि - मान. श्री रमेश ठाकुर जी, जिलाध्यक्ष-भाजपा
विशेष अतिथि - मान. प्रमोद दुबे जी, पूर्व महापौर-न.पा.नि. रायपुर
विशेष अतिथि - मान. जे.पी. शर्मा जी, उपाध्यक्ष-आरडीए
विशेष अतिथि - मान. बंकिम शुक्ला जी, सी.ए.
:: मुख्य आकर्षण ::
50 फीट ऊंचे
रावण दहन का अद्भुत दृश्य
सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनभावन प्रस्तुति
आकाश को रोशन करती मनमोहक आतिशबाजी
जय श्री राम
:: कार्यक्रम ::
दिनांक : 20 अक्टूबर 2026
समय : शाम 5.00 बजे से
स्थान : सुन्दर नगर कालोनी दशहरा ग्राउण्ड रायपुर
श्री आकाश दुबे (पूर्व पार्षद) अध्यक्ष सुन्दर नगर दशहरा उत्सव समिति
श्री सुशील शर्मा संयोजक
श्री संदीप शर्मा गुरू जी उपाध्यक्ष
श्रीमती सरिता आकाश दुबे (पार्षद) एमआईसी सदस्य महिला एवं बाल विकास विभाग न.पा.नि. पार्षद-पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
सुंदर नगर दशहरा उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण।


अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय
बुरे पर अच्छे की जय जयकर, यही है दशहरे का त्यौहार
दशहरा की हार्दिक शुभकामनायें
।। श्री गणेशय नमः ।।
श्री खाटूश्याम रेस्टोरेंट
राजस्थानी थाली
स्वाद परंपरा और ताजगी - सब एक थाली में भरपूर।
जयस्तंभ चौक, शारदा जूस के बाजू, रायपुर (छ.ग.)
पंकज केटर्स
(मारवाड़ी हलवाई)
शादी, पार्टी, जन्मदिन एवं शुभ अवसर पर आर्डर लिए जाते है।
गोपाल महाराज जोधपुर वाले मो. 9584025503, 9301437883
शीतला मंदिर व डॉ. आर.वर्मा के बीच में, डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)
नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
SCAN EYEWEAR
विजयदशमी के शुभअवसर पर हमारे संस्थान के 15 वर्ष पूर्ण होने पर
विक्रांत राठौर
कार्यकारी अध्यक्ष युवा कैट छ.ग. वेटर राष्ट्रीय संगठन मंत्री - राठौर क्षत्रिय महासभा महामंत्री - रायपुर ऑप्टिकल एसो. महामंत्री - शंकर नगर व्यापारी संघ
30 वर्षों का अनुभव
BUY 1 GET 1 FREE ON SCAN EYEWEAR FRAMES & SUNGLASSES
16वें वर्ष में प्रवेश
स्केन ऑप्टिकल्स
कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जाँच की सुविधा
डॉ. कावड़िया के सामने, वरदान हॉस्पिटल के पास, सेक्टर 1, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) मो. 9300058508, 9424422508
23वें वर्ष में प्रवेश
अम्बिका होम्यो फार्मेसी
होम्योपैथिक, बायोकेमिक एवं जर्मनी दवाईयों के थोक व चिल्हर विक्रेता
बंशी भवन, चिकनी मंदिर चौक, मालवीय रोड, रायपुर
संबंधित संस्थान
श्री अम्बिका ट्रेडर्स
होम्योपैथी होलसेल डीपो
चूड़ी लाईन, रायपुर (छ.ग.)
2227163, 98264-58508, 99777-00058, 79871-64605
चाबियां
कार के ECM भी बनाये जाते हैं।
रिमोट रिपेयर भी किये जाते हैं।
सोनी मेटल वर्क्स
आमापारा चौक रायपुर (छ.ग.)
98275-98180
नेभवाणी
बड़ों का आर्शीवाद है, ईश्वर हमारे साथ है
फटाका
झन भूलो माँ बाप ला, महंगे नहीं... अच्छे फटाके की दुकान
(1) गली नं. 7, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
(2) ई-80, शदाणी होलसेल मार्केट, जिम के सामने, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 8602005900, 7049500000, 9826159000, 7049400010, 9826166500, 7803806968
KPC KHANDELWAL POLY CLINIC
Minimum Medicine Maximum Efforts (Holistic approach towards health/diseases.)
डॉ. शैलेश खंडेलवाल
बी.एस.सी., एम.बी.बी.एस, (गोल्ड मेडलिस्ट)
सलाहकार जनरल फिजिशियन
विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.शैलेश खंडेलवाल कोटा रायपुर में 35 वर्ष से प्रैक्टिस कर रहे जनरल फिजिशियन के रूप में रायपुर मेडिकल कॉलेज से ग्रेजुएट, उपलब्धि
1. प्रधान मंत्री जनऔषधि केंद्र के संचालक जिसमें सिर्फ सुविधा सैनिटेरी नैपकिन मिलता, माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने भी लाइव बात की है
2. हॉलिस्टिक एप्रोच से पॉली क्लीनिक संचालित एक ही छत की नीचे एलोपैथी, होम्योपैथी आयुर्वेदिक, योग सेंटर
3. डायग्नोस्टिक में 50 प्रेसेंटे की छूट
4. महिला ओपीडी पूरी तरह निःशुल्क
सभी डायग्नोस्टिक पर 50% की छूट
निःशुल्क ओपीडी (महिलाओं के लिए)
ओ.पी.डी. डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी पैथोलॉजी लैब
खंडेलवाल होम्योपैथिक स्टोर
प्रधानमंत्री मंत्री जनऔषधि केंद्र सुविधा सैनिटेरी नैपकिन केवल एक रुपये में
Near Laxminarayan Mandir, Stadium Road, Kota, Raipur (492010)
0771-2575600, +91 98271-45601

विजयादशमी या दशहरा के दिन श्रीराम, मां दुर्गा, श्री गणेश और हनुमान जी की अराधना करके परिवार के मंगल की कामना की जाती है। मान्यता है कि दशहरा के दिन रामायण पाठ, सुंदरकांड, श्रीराम रक्षा स्त्रोत करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

दशहरा या विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक तिथि मानी जाती है। इसलिए इस दिन सभी शुभ कार्य फलकारी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, दशहरा के दिन बच्चों का अक्षर लेखन, घर या दुकान का निर्माण, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, अन्नप्राशन, कर्ण छेदन, यज्ञोपवीत संस्कार और भूमि पूजन आदि कार्य शुभ माने गए हैं। विजयादशमी के दिन विवाह संस्कार को निषेध माना गया है।

विजयादशमी पर शस्त्र पूजा का मुहूर्त और नीलकंठ दर्शन का महत्व - दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था। रावण के बढ़ते अत्याचार और अंहकार के कारण भगवान विष्णु ने राम के रूप में अवतार लिया और रावण का वध कर पृथ्वी को रावण के अत्याचारों से मुक्त कराया। रावण पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में दशहरा का पर्व मनाया जाता है इस पर्व को विजय दशमी भी कहा जाता है। इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार भी किया था।

खारुन में प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी आना हुआ कम, अब गंगरेल बांध के पानी से बुझेगी शहर की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से बहकर आने वाले पानी का प्रवाह अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। ऐसे में पखवाड़े भर तक प्राकृतिक स्त्रोतों से बिना किसी दिक्कत के शहरवासियों को पीने का भरपूर पानी मिलेगा। नवंबर से शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से कच्चा पानी लेने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में नगर निगम के जल विभाग ने सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत करा दिया है। जरूरत पड़ने पर लोगों की प्यास बुझाने आने वाले दिनों में 100 से 150 क्यूसेक पानी गंगरेल डेम से एनीकट के लिए छोड़ा जाएगा।

दरअसल, साल के 12 महीनों में से केवल 3 माह ही खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाले पानी से शहर की प्यास बुझ पाती है, बाकी के 9 महीने शहर की 45 पानी टंकियों को भरने के लिए नगर निगम के जल विभाग को गंगरेल बांध पर निर्भर रहना पड़ता है। सितंबर के अंतिम सप्ताह इस बार हुई झमाझम बारिश के बाद यह उम्मीद रही कि नेचुरल फ्लो से बहकर खारुन नदी में आने वाला रॉ वाटर नवंबर माह तक शहरवासियों की प्यास बुझाएगा, लेकिन नगर निगम के काठाडीह स्थित इंटेकवेल में प्राकृतिक स्त्रोतों से मिलने वाले पानी की धार कम होने लगी है। इसे देखते हुए नवंबर से आवश्यता अनुसार गंगरेल बांध से पानी छोड़ने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। नगर निगम का जल विभाग शहर की नई व पुरानी 45 पानी टंकियों के माध्यम से प्रतिदिन 300 एमएलडी शुस्द्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। बारिश के सीजन से लेकर अब तक लोगों के पेयजल आवश्यकता की आपूर्ति प्राकृतिक स्त्रोतों से आ रहे रॉ वाटर को शुद्ध कर होते रही है। लेकिन अब गंगरेल बांध से पानी खरीदकर लोगों की प्यास बुझाने की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए गंगरेल डेम से प्रतिदिन 100 से 150 क्यूसेक रॉ वाटर की मांग की जाएगी।

पखवाड़ेभर चलेगा नेचुरल रॉ वाटर का स्टॉक, नवंबर से गंगरेल डेम से जल आपूर्ति

जल शुद्धिकरण में खप रहा 50 एमएलडी रॉ वाटर

जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहर की पेयजल आवश्यकता को पूरा करने 350 एमएलडी रॉ वाटर की जरूरत पड़ती है। इसमें से 50 एमएलडी कच्चा पानी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के दौरान उपयोग में चला जाता है। बाकी के 300 एमएलडी शुद्ध पानी लोगों तक पहुंचाकर उनकी प्यास बुझाने की व्यवस्था की जाती है।



गंगरेल डेम से पानी की पड़ेगी जरूरत

खारुन नदी में प्राकृतिक जल स्त्रोतों से प्राप्त होने वाले जल का स्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में नदी के पानी से पखवाड़े भर के पेयजल की आपूर्ति में दिक्कत नहीं आएगी। नवंबर से आवश्यकता अनुसार गंगरेल बांध से प्रतिदिन 100 से 125 क्यूसेक पानी छोड़ने को लेकर सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों से चर्चा हो गई है। अभी हमारे एनीकट में 5 इंच ओवर फ्लो की स्थिति है।

- नरसिंग फरेंद, कार्यपालन अभियंता जल विभाग, नगर निगम रायपुर

निधन

विद्या निधि चौबे

रायपुर। उदया सोसाइटी टाटीबंध निवासी विद्या निधि चौबे का 19 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे संजय चौबे के पिता थे।



रामखिलावन यादव

रायपुर। दीक्षा नगर गुढ़ियारी निवासी रामखिलावन यादव (77) का 19 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुनील और अजय यादव के पिता थे।



अनिता चौबे

रायपुर। ओम हास्पिटल के बाजू रायपुरा निवासी अनिता चौबे का 19 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम देउरगांव (साजा) में किया गया। वे पत्रकार व लोरिक चंदा के संचालक गौतम चौबे की धर्मपत्नी थीं।



डब्ल्यूआरएस में मुख्य अतिथियों व वीआईपी के लिए मंच के पास पार्किंग

आम लोगों के लिए एक किमी. पहले पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस मैदान पर आज भव्य आतिशबाजी एवं धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए दशहरा उत्सव समिति ने लगभग सारी तैयारियां कर ली हैं। पुलिस प्रशासन ने भी दशहरा उत्सव में शामिल होने वाले मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित अन्य वीआईपी के साथ लाखों की संख्या में पहुंचने वाले लोगों को देखते हुए सुरक्षा के साथ पार्किंग व्यवस्था भी की है। इसके तहत अतिथियों एवं वीआईपी लोगों के लिए मंच के पास ही पार्किंग व्यवस्था है, वहीं आम लोगों के लिए दशहरा मैदान से लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर दूर पार्किंग व्यवस्था की है।

इस तरह रहेगा पार्किंग स्थल और गाड़ियों की व्यवस्था : पुलिस प्रशासन ने भीड़ की सुगमता के लिए अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहन को मैदान से पहले ही रोकने और पार्क करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत वीआईपी और मुख्य अतिथियों में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए मुख्य मंच के पास और डब्ल्यूआरएस ग्राउंड के सुरक्षित जोन में वीआईपी पार्किंग आरक्षित की गई है। इसी प्रकार फाफाडीह और रेलवे स्टेशन की ओर से आने वाले वाहन के लिए डब्लूआरएस कॉलोनी के प्रवेश मार्गों के पास चिन्हित खाली मैदान और निर्धारित रेलवे स्कूल/कॉलोनी परिसरों के निकट पार्किंग स्पेस दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग (हाईवे) या खमतराई की तरफ से आने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन मैदान के पिछले और बाहरी हिस्सों में बने पार्किंग लॉट्स में पार्क कराया जाएगा। शाम के समय जाम की स्थिति से बचने के लिए फाफाडीह से लेकर डब्ल्यूआरएस मैदान तक के मार्ग पर शाम को भारी वाहन और सामान्य चारपहिया वाहन की एंट्री को भी डायवर्ट किया गया है।



पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित कॉरिडोर, ट्रेंने कम स्पीड से गुजरेंगी

दशहरा मैदान के चारों ओर की सड़कों को नो व्हीकल जोन में बदला जाएगा, ताकि पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। कार्यक्रम के दौरान उरकुरा से रायपुर स्टेशन के बीच ट्रेनें भी अधिकतम 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। दशहरा उत्सव देखने रेलवे ट्रैक तक लोगों की भीड़ रहती है। लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे प्रशासन ने भी आवश्यक कदम उठाए है। इसके तहत कार्यक्रम खत्म होने तक इस रूट से गुजरने वाली ट्रेन के लोको पायलट को लगातार हॉर्न बजाते हुए ट्रेन आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर ट्रेन को रोकने भी कहा है। ट्रैफिक जाम की संभावना को देखते हुए शाम के समय फाफाडीह से डब्ल्यूआरएस मैदान वाले मार्ग पर यातायात दबाव को कम करने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है।

राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने ओडिशा के राज्यपाल को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धोबी समाज के राष्ट्रीय नेता ब्रजमोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद उनके शपथ ग्रहण समारोह में देशभर से धोबी समाज के प्रमुख पदाधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस समारोह में छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, ओडिशा और झारखंड से बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। समाज द्वारा इस राष्ट्रीय अधिवेशन को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है।

समारोह का विशेष आकर्षण यह रहा कि छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में पहुंचे समाज के पदाधिकारियों के लिए राजभवन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। इसे समाज के प्रतिनिधियों के लिए गौरवपूर्ण अवसर के रूप में देखा गया। इस अवसर पर धोबी समाज के प्रतिनिधियों ने दिसंबर माह में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए ओडिशा के राज्यपाल ब्रजमोहन राम को आमंत्रित किया। समाज द्वारा इस राष्ट्रीय अधिवेशन को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। आयोजकों के अनुसार, प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार को भी आमंत्रित करने की योजना है।



ये हुए शामिल : छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, हीरालाल निर्मलकर, अश्विनी बरेठ, टामन कन्नौजे, संतोष कन्नौजे, प्रदेश महामंत्री धनेश्वर निर्मलकर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं ओडिशा से दिलीप निर्मलकर एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सेठी, तथा झारखंड से अध्यक्ष बाल गोविंद रजक, अवधेश बैठा आदि शामिल हुए।

मां मातंगी दिव्य धाम में 24 से पांच दिवसीय दिव्य दरबार

रायपुर। मां मातंगी दिव्य धाम के डॉ. प्रेमासाईं महाराज का पांच दिवसीय 24 से 28 अक्टूबर तक दिव्य दरबार का आयोजन किया जा रहा है। यह दरबार गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक जारी रहेगा, जो पूर्णतः निशुल्क होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नितिन कुमार झा, आयोजन समिति के प्रमुख ओमप्रकाश मिश्रा एवं कृष्णा कान्हा बाजारी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजन स्थल में रखी गई, जिसमें सैकड़ों सेवादार उपस्थित हुए, जिन्हें व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर प्रातः 7 से 9 बजे तक दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं को कूपन वितरित किया जाएगा, जिसे दरबार में लगे बॉक्स में डाला जाएगा। महाराज बॉक्स के कूपन में से श्रद्धालुओं को आमंत्रित करेंगे, जहां वे महाराज को अपनी समस्या से अवगत कराएंगे एवं महाराज कष्टों के निवारण का उपाय बताएंगे। बैठक में संजय पारिख, बृजेश गुप्ता, शंकर जोशी, रितेश राठौर, विनय रायचुरिया, घनश्याम पारिख, दीपक अग्रवाल, गोलू शर्मा, मनीष शर्मा, सार्थक, बबीता अग्रवाल, प्रिया सिंह, पार्वती, लेखनी, राधिका, कुलदीप शर्मा, लक्ष्मी यादव, सुषमा, मेघा आदि शामिल हुए।



पेज 03 के शेष ...

बाजार में दशानन...150 से 25.....

तैयार किया गया है। तीनों पुतलों के निर्माण पर आयोजन समिति ने तीन लाख तीन हजार रुपए खर्च किए हैं। राजधानी में इस बार लाखों रुपए के पुतलों का दहन करने की तैयारी है। कारीगर रोहित सिन्हा और सुरेश ढीवर ने बताया कि इस बार करीब दो फीट के पुतले बच्चों की पसंद और रुचि को देखते हुए तैयार किए गए हैं।

कई युवाओं के ग्रुप भी कॉलोनियों और बस्तियों में रावण दहन की परंपरा निभाते एवं इसके लिए 10 से 12 फीट ऊंचे रावण के पुतलों को खरीदना पसंद करते हैं। इसे देखते हुए 20 से 25 हजार की रेंज में रावण-कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार किए गए हैं। रावण दहन करने को लेकर सबसे ज्यादा बच्चे उत्साही होते हैं। इस लिहाज से उनकी खुशी और परंपराओं से जोड़ने के लिए अभिभावक भी उनके साथ पुतला खरीदने के लिए आते हैं। इसे देखते हुए पुतलों का निर्माण पखवाड़ेभर पहले शुरू करने के बाद अष्टमी तिथि से उन्हें सड़क किनारे बेचने के लिए सजाया है। मंगलवार शाम दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इस लिहाज से आज दोपहर तक ग्राहकी की उम्मीद है।

पटवारियों के बस्ते नहीं...

कारण से गलती होने पर पटवारियों के खिलाफ नोटिस एवं कार्रवाई की जा रही है। बलौदाबाजार और महासमुंद जिले में कई पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है, जबकि पटवारियों द्वारा एग्रीस्टैक, पंजीयन, किसान पंजीयन, वकेट क्लेम, जनगणना, लघु सिंचाई गणना, रेलवे सर्वे, एनएच सर्वे, आय, जाति, निवास, स्वामित्व योजना सेवा संकल्प शिविर, प्रोटोकाल सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके बाद भी पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

टार फैक्ट्री में भीषण आग...

आधार पर विभाग की एक के बाद एक 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने लगीं। आग डामर में लगी, जिसे बुझाने में विभाग के कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहर से लेकर रात करीब 7 बज गए। इस तरह आग बुझाने में 5 घंटे से अधिक समय लग गया।

आईएएस अफसर के नाम ...

पंजीबद्ध किया है। इस प्रकरण में जांच करते हुए पुलिस ने फेसबुक, गूगल एवं मोबाइल सर्विस प्रदाता कंपनी से आईडी बनाने वाले आरोपी से संबंधित जानकारी ली, जिसके आधार पर आरोपी अर्जुन कुमार जाटव निवासी हमीरपुर उत्तरप्रदेश की पहचान की गई। जांच में पता चला कि अर्जुन ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फेसबुक में आईएएस की फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों को मैसेज भेजकर पैसों की डिमांड की। आरोपी का मिला मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने ग्राम पारा तहसील मौदहा हमीरपुर उत्तरप्रदेश से उसे गिरफ्तार किया।

दीक्षित एजेंसी के नाम से बना रखी थी फर्जी कंपनी की आईडी : प्रवीण ने भी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दीक्षित एजेंसी के नाम से एक फर्जी कंपनी की आईडी सोशल मीडिया में बना रखी है। इस कंपनी के माध्यम से वह शेयर ट्रेनिंग में मुनाफा कराने के नाम पर लोगों को झांसा में लेकर उनसे ठगी किया करता था। इस कंपनी के नाम से वह अपने बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कराता था। पुलिस के अनुसार आरोपी इस बैंक खाता के जरिए देश के कई शहरों में ठगी कर चुका है, जिसकी रिपोर्ट 11 थाना एवं साइबर सेल में दर्ज है।

नशीली टेबलेट बरामद धरे...

अपना नाम रोहित धरमवानी निवासी गुढ़ियारी बताया। पूछताछ में उसने करण यादव द्वारा नशीली टेबलेट उपलब्ध कराने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

लाखे नगर के हिंद स्पोर्टिंग मैदान....

की जगह का अस्थायी आवंटन करने नगर निगम जोन 5 कार्यालय परिसर में पटाखा विक्रेताओं की मौजूदगी में लाटरी निकाली गई। जिन पटाखा विक्रेताओं के नाम की लाटरी निकली है, उन्हें 9,200 रुपए अनुमति शुल्क और 630 रुपए लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने पर निर्धारित साइज के भूखंड का अस्थायी रूप से आवंटन जल्द अस्थायी पटाखा दुकान लगाने के लिए किया जाएगा।

महादेवघाट के विसर्जन कुंड में 20 से 25 तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था

दशहरा से पहले नवमी से ही बाजे-गाजे के साथ 30 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में नौ दिनों तक श्रद्धा व भक्ति के साथ मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्रि सोमवार को नवमी के दिन हवनपूजन के साथ पूरा हुआ। मंगलवार को वि ज या द श मी उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा, पर इस बार नवमी तिथि के दिन ही शहर के कुछ स्थानों से दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा बाजे-गाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड में देर शाम तक शुरू हो गया। इसे देखते हुए नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने तत्काल 3 क्रेन सहित गोताखोरों को इस कार्य में लगाया। सोमवार देर शाम तक 30 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन के माध्यम से विसर्जन कुंड में किया गया। नगर निगम द्वारा 20 से 25 नवंबर तक मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारी करते हुए जोन अधिकारियों व कर्मचारियों की तीन पाली में ड्यूटी लगाई है।

- नगर निगम ने 3 क्रेन की तात्कालिक व्यवस्था की, मंगलवार से तीन पाली में निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी



शहर में दुर्गा नवमी के दिन ही देर शाम तक 30 विशाल आकार के दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बाजे-गाजे के साथ जयकारों के बीच माता के भक्तों ने महादेवघाट के विसर्जन कुंड स्थल पहुंचकर किया। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने 20 से 25 अक्टूबर तक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन व्यवसथा के सुचारू संचालन और इसकी सतत निगरानी के लिए जोनवार अधिकारियों व कर्मचारियों की तीन पाली में ड्यूटी लगाई है। यह क्रम 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगा। एनजीटी के निर्देश पर खारुन नदी में सीधे दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन की मनाही की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए खारुन नदी के किनारे महादेवघाट पुलिया के पास नगर निगम द्वारा बनवाए गए अस्थायी विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने प्रशासनिक व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए कुंड में नदी का साफ पानी मोटर पंप लगाकर पहले भी भर लिया गया है।

निगम आयुक्त के आदेश पर जोनवार निगम कमिश्नर, सहायक अभियंता, उप अभियंता और कार्य सहायकों की तीन पाली में 20 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से लेकर 25 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित अधिकारी व कर्मचारी विसर्जन कुंड स्थल पर बनाए गए पंडाल में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखेंगे।

7 क्रेन के साथ 90 गोताखोरों की तीन पाली में तैनाती आज से

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की सुचारू व्यवस्था बनाने विसर्जन कुंड स्थल पर 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक 7 क्रेन की व्यवस्था की है। इसके साथ ही बड़े आकार की दुर्गा प्रतिमाओं के सम्मानपूर्वक विसर्जन को ध्यान में रखते हुए तीन अलग-अलग पाली में कुल 90 गोताखोर इस कार्य के लिए लगाए जा रहे हैं। 20 अक्टूबर से एक पाली में 30 गोताखोर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थल पर मौजूद रहेंगे। वहीं पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा पुलिस के जवानों की तैनाती विसर्जन कुंड सहित आसपास के स्थलों पर की जा रही है। स्थल पर हाई मास्ट लाइटें और श्रद्धालुओं के पेयजल की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा पानी टैंकर की व्यवस्था की जा रही है।

सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा 4 नवंबर से

रायपुर। अशोक रतन, कम्युनिटी हॉल में 4 से 13 नवंबर तक श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं वार्षिक श्राद्ध का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रवक्ता आचार्य नंदकुमार चौबे होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि प्रवचन का समय दोपहर 2 बजे से होगा। कथा के पहले दिन 4 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही देवी पूजा एवं गौकर्ण उपाख्यान, दूसरे दिन 5 को परीक्षित जन्म और बराह अवतार का प्रवचन किया जाएगा। इसी प्रकार 6 से 13 नवंबर तक भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का प्रवचन किया जाएगा।

सोनकर पारा में आज मनाएंगे दशहरा उत्सव

रायपुर। श्रीराम दशहरा उत्सव समिति सोनकर पारा द्वारा विजयादशमी उत्सव के दौरान श्रीराम झांकी और रावण दहन का कार्यक्रम परंपरागत उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बताया कि रावण दहन मुख्य रूप से सूर्यास्त के बाद किया जाता है। पंचांग में इसका कोई एक निश्चित समय नहीं होता। इस साल रावण दहन 20 अक्टूबर मंगलवार को किया जाएगा।







हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

नवरात्रि पर आईएनएच न्यूज-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया बना यादगार

ढोलिड़ा ढोल रे वागाड़...
गरबा गीतों पर झूमे युवा



भक्तिमय माहौल में रास गरबा किया एंजॉय

इधर पूरे शहर में नवरात्रि पर हुए विभिन्न रासगरबा कार्यक्रमों को लोगों ने खूब एंजॉय किया। रात में घड़ी पर जैसे ही 9 बजे, उसके बाद पूरे आयोजन के दौरान गरबा स्थल पर बॉलीवुड, गुजराती, छत्तीसगढ़ी भक्तिगीतों की धुन पर प्रतिभागी डांडिया खेलते हुए उत्साह से सराबोर हो गए। रास गरबा में हर वर्ग के प्रतिभागियों का उत्साह देखने को मिला।

सेरीखेड़ी स्थित ललित महल में शारदीय नवरात्रि के दौरान तीन दिवसीय आईएनएच न्यूज-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया का यादगार समापन हुआ। इस आयोजन में 17 से 19 अक्टूबर तक माता रानी के भक्ति गीतों एवं गरबा सांग्स पर झूमते-गाते हर उम्र वर्ग के लोगों ने गरबा नाइट्स को रील-वीडियो से यादगार बनाया। आईएनएच न्यूज-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया कार्यक्रम में तीनों दिन रायपुरियंस में जबरदस्त उत्साह रहा। आयोजन में रॉक बैंड हवाएं के सिंगर्स और म्यूजिकल टीम द्वारा प्रस्तुत ढोलिड़ा ढोल रे वागाड़....,गरबा गीत पर रास गरबा प्रेमी डांडिया खेल आनंद और उत्साह में सराबोर होते रहे।









रायपुर। रास गरबा एवं भजन डांडिया में माताराणी की भक्ति गीतों पर लोगों ने चौकड़ी-छकड़ी, घोड़ारास गरबा स्टेप्स के हर मूवमेंट्स को भरपूर एंजॉय किया। आयोजन में रंग जमाने पारंपरिक परिधानों चनिया-चोली और कुर्ता-पायजामा में सजे युवा और परिजनों ने सांस्कृतिक परंपरा को अपनाते हुए तन-मन में भक्ति का संचार कर निभाया। गरबा गीतों के साथ-साथ लाइव बैंड, म्यूजिकल लाइव कंसर्ट्स बॉलीवुड और गुजराती फ्यूजन भक्ति गानों पर अपनी नृत्यकला और भक्तिभाव को प्रदर्शित किया।

गरबा के थीम बेस्ड परिधानों का रहा आकर्षण

परिवार दोस्तों संग हर मोमेंट्स को सहेजा

आयोजन में अपने परिवार, दोस्तों के संग रास गरबा के अपने हर मोमेंट्स को लोगों ने सहेजा। आयोजन के दौरान शानदार सजावट, आकर्षक रोशनी और रंगबिरंगे पारंपरिक गरबा परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बनाया। वहीं बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने गीत-संगीत से आयोजन को यादगार बना दिया।

मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान...भक्ति गीत से सुनील ने बांधा समां



अमायरा जोरा ग्राउंड में चार दिवसीय हरिभूमि-आईएनएच न्यूज और गुंजन्स आयोजन के रास गरबा इवेंट के आखिरी दिन हनुमान अंश फिल्म के लोकप्रिय गायक सुनील लोधी ने फिल्म का टाइटल सांग गाकर समां बांधा। आयोजन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा रहे, वहीं हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सार्थकता प्रदान की। रास गरबा की शुरुआत माताराणी की आरती के साथ हुई। माता की आरती में अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों ने भक्तिभाव के साथ भाग लिया। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज और गुंजन्स के रास गरबा इवेंट के समापन समारोह में भक्ति ट्रैक्स पर रास-गरबा प्रेमी जमकर देर रात तक झूमते रहे।









ला-विस्टा में गरबा की धूम प्रतिभाओं को दिया पुरस्कार



रश्मि और समायरा ने जीता प्रथम पुरस्कार

बेस्ट फिमेल गरबा नृत्य में रश्मि व्यास ने प्रथम, अंकिता गुप्ता ने द्वितीय और चांदनी कुकरेजा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। बेस्ट गर्ल गरबा नृत्य में समायरा व्यास प्रथम, ऐश्वी बोंदिया द्वितीय और वर्लिन छाबड़ा तृतीय स्थान पर रहीं। बेस्ट कपल गरबा नृत्य में गुलशन एवं संजोत गोंदूड़े को प्रथम तथा मुस्कान एवं आनंद छत्री को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस श्रेणी में तृतीय पुरस्कार नहीं दिया गया। बेस्ट ब्वॉय गरबा में वेदांत छत्री प्रथम और करन हूरा द्वितीय रहे। इस श्रेणी में भी तृतीय पुरस्कार नहीं दिया गया। बेस्ट फैमिली पारंपरिक वेशभूषा श्रेणी में बृजेश एवं निधि ठक्कर को प्रथम पुरस्कार मिला। इस श्रेणी में द्वितीय और तृतीय पुरस्कार नहीं दिए गए।

रायपुर। ला-विस्टा सोसाइटी में दो-तीन साल के अंतराल के बाद एक दिवसीय नवरात्रि गरबा नाइट का आयोजन किया गया। इसमें सोसाइटी के परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं और बच्चों ने माता की भक्ति, आराधना और आस्था के बीच पारंपरिक गरबा नृत्य का आनंद लिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में गरबा प्रतियोगिता की पांच श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी कला और पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेस्ट फिमेल गरबा, बेस्ट मेल गरबा, बेस्ट गर्ल गरबा, बेस्ट कपल गरबा और बेस्ट फैमिली ड्रेस अवार्ड श्रेणियां रखी गई थीं। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार निर्धारित किए गए थे। सभी श्रेणियों के प्रथम पुरस्कार के लिए अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स पंडरी की ओर से गोल्ड कॉइन दिए गए। कार्यक्रम में दीपक व्यास ग्रुप ने गरबा गायन की शानदार प्रस्तुति दी। विशेष निर्णायक बैजल पिथालिया और शुभांगी पोमल ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन सपना अग्रवाल ने किया। पुरस्कार वितरण विजय मंगवानी, इंदरपाल सिंह, बांबराजी, शंकर अग्रवाल, राजू अरोरा, रजनी बेन, रितु बोंदिया और रितु वर्मा के हाथों किया गया। आयोजन में सोसाइटी के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

335 प्रतिभागियों ने शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध



रायपुर। गांधी मैदान स्थित रंगमंदिर में 19वें एआईडीए नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवार्ड्स एवं नृत्यानंदलहरी फेस्ट-2026 का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजन के चौथे दिन देशभर से आए 335 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अपनी साधना, भावाभिव्यक्ति, लयकारी, पद संचालन और नृत्य कौशल के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रत्येक प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विशिष्ट शैली, परंपरा और आध्यात्मिक भावनाओं की सुंदर झलक देखने को मिली। युवा एवं बाल कलाकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य की परंपरा नई पीढ़ी के बीच निरंतर विकसित हो रही है। इस नृत्य प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञों को निर्णायक मंडल में शामिल किया गया। इनमें आसिफ हुसैन खैरागढ़, राजसी वाघ पुणे, जयकुमार स्वामी भिलाई, संगीता कापसे रायपुर शामिल रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की नृत्य तकनीक, ताल-लय, भावाभिनय, शारीरिक संतुलन, मंच प्रस्तुति तथा संबंधित नृत्यशैली की शुद्धता के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। अनुभवी निर्णायकों की उपस्थिति ने प्रतियोगिता की गरिमा और गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ किया।

जरूरतमंदों की मदद करने लगाया चैरिटी एग्जिबिशन



रायपुर। लायंस क्लब केसरी की ओर से अविनाश मैग्नेटो मॉल में चैरिटी एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहां दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही और अच्छा रिस्पांस मिली। स्टॉल संचालकों ने भी आयोजन पर संतोष जताया। खरीदारी के साथ मनोरंजक गेम्स, मॉडलिंग और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. गगनजीत कौर चावला, उपाध्यक्ष अविनाश कौर भाटिया, सचिव कमलदीप कौर और कोषाध्यक्ष हरशीन कौर सहलानी के नेतृत्व में सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम में अविनाश कौर भाटिया, शालिनी अब्बी, तरुण अब्बी, रॉबी भाटिया, डॉ. निंदर सिंह चावला, हरजोत सिंह सहलानी, हरशीन कौर सहलानी, कमलदीप कौर, विक्की सलूजा, सुनील धुप्पड़ और शैलजा धुप्पड़ सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

बिना चंदा मांगे समाजसेवा का प्रयास

डॉ. गगनजीत कौर चावला ने बताया कि चैरिटी एग्जिबिशन से होने वाली आय का उपयोग समाज कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए किया जाएगा। क्लब का उद्देश्य बिना किसी से चंदा मांगे सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से समाजसेवा करना तथा जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लाना है। क्लब भविष्य में इससे भी बड़े आयोजन करने की योजना बना रहा है, ताकि समाजसेवा के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा सके। क्लब ने सभी स्टॉल संचालकों, आगंतुकों, सहयोगियों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में खरीदारी, मनोरंजन और समाजसेवा का संगम देखने को मिला।

दुर्गोत्सव



श्री बजरंग युवा दुर्गोत्सव समिति, साहू मोहल्ला, टिकरापारा



श्रीश्री माँ मंगला काली दुर्गोत्सव समिति, बैरन बाजार



श्री आदर्श नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति, जवाहर चौक, बांस टाल



माँ आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति, मालवीय रोड, बैजनाथ पारा



श्री सिद्धि विनायक दुर्गा उत्सव समिति, राजीव चौक, छोटापारा



श्री नव दुर्गा उत्सव समिति, अयोध्या नगर



सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति, सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी, फेस- 2

● शारदीय नवरात्रि की नवमी पर देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, विसर्जन यात्रा का जगह-जगह स्वागत

मंत्रोच्चार के साथ देवी मंदिरों और पंडालों में स्वाहा-स्वाहा की गूंज, ज्योत-जंवारा विसर्जन में उमड़ा आस्था का सैलाब

'शारदीय नवरात्र के क्रम में सोमवार को सुबह 10 बजे से जहां अष्टमी-नवमी की युति में दोपहर 2 बजे तक विधि-विधान से मां महामाया मंदिर प्रांगण में हवन-पूजन किया गया। वहीं शाम 4 बजे से मां महाकाली मंदिर आकाशवाणी चौक सहित सभी दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं ने पुरोहितों के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के साथ स्वाहा-स्वाहा का उच्चारण करते हुए हवन कुंड में पूर्णाहुति दी। इसके बाद ज्योत-जंवारा विसर्जन यात्रा के दौरान माता को विदाई देने के लिए उपासकों ने जंवारा और ज्योति कलश धारण किए। भक्तों के मार्ग में जलधारा का सिंचन करते हुए, जगह-जगह महिलाओं ने उनका स्वागत किया।'





रायपुर। सोमवार को नवमी तिथि सुबह से लेकर देर-शाम तक देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। पुरानी बस्ती स्थित मां महामया मंदिर में मनोकामना ज्योति जलवाने वाले भक्तों की उपस्थिति में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक हवन कुंड में पूर्णाहुति दी गई। साथ ही मंगलवार को सुबह माता की पूजा-आरती के बाद 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। शयन के लिए बनाई गई पूर्व व्यवस्था के तहत दोपहर से मंदिर के पट बंद किए जाएंगे। नवरात्रि में भक्तों को दर्शन लाभ मिल सके, इसलिए पट खुले रखे जाते थे। इस क्रम में मां काली मंदिर आकाशवाणी चौक पर भी शाम 4 बजे से हवन का विधान शुरू किया गया। इसमें सैकड़ों भक्तों और उपासकों ने एक साथ हवन का पुण्य लाभ लिया। दंतेश्वरी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों और दुर्गोत्सव पंडालों में पुरोहितों के मार्गदर्शन में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने हवन का नियम पूरा किया। इस अवसर पर कई समितियों ने भोग-प्रसादी वितरित करने के लिए भंडारे का आयोजन भी किया।



ज्योत-जंवारा विसर्जन में जसगीतों की गूंज

टिकरापारा नंदी चौक स्थित श्री नंदी काली मंदिर विकास समिति के मार्गदर्शन में दोपहर 1 बजे से हवन-पूजन के बाद ज्योत-जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। डीजे पर गूंजते जसगीतों पर लोग आस्था में झूमते-नाचते आगे चल रहे थे। क्षेत्र के छुइया तालाब पहुंच मार्ग के बीच लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने माता का स्वागत करते हुए आशीष लिया। इस दौरान साथ चल रही महिलाओं की आंखें जहां नम हुई, वहीं माता की आस्था में झूपने वालों की देखभाल का दायित्व बैगा और पंडा ने निभाया। विसर्जन यात्रा जिस मार्ग से गुजरी, लोगों ने कलश धारण कर चल रहे श्रद्धालुओं के रास्ते में जलधारा का सिंचन कर उन्हें शीतलता प्रदान करने का प्रयास किया। समिति के लोगों द्वारा रात में भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

राणी सती मंदिर राजा तालाब में नवरात्रि का समापन

राणी सती मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर नौ दिनों तक पूजन-अर्चन एवं धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से किए गए। अंतिम दिन हवन एवं कन्या पूजन के साथ नवरात्रि उत्सव का शुभ समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे और आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कैलाश अग्रवाल ने बताया कि इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और माताराणी से आशीर्वाद लिया। इस उत्सव में मंदिर प्रबंधन के जिम्मेदारों ने लोगों को व्यवस्था से जोड़ने में सहयोग दिया।



शक्तिपीठ में नवरात्रि अनुष्ठान, गूंजा जयघोष



समता कॉलोनी और दावड़ा कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ सहित सभी प्रज्ञापीठों में शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि के उपरांत भव्य पूर्णाहुति हवन किया गया। समता कॉलोनी गायत्री शक्तिपीठ में इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और गायत्री परिवार के परिजन शामिल हुए। सभी ने पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां देते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विश्व शांति के लिए कामना की। पूर्णाहुति के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भोजन-प्रसाद ग्रहण किया। गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा ने नवरात्रि व नारी जागरण से जुड़े प्रेरणादायी संदेश दिए। प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, दीनानाथ शर्मा, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, शैलेश वर्मा, रामरतन सोनबेर उपस्थित रहे।

माता की भक्ति में रंगा काठाडीह भक्तों के लिए भोग-भंडारा



ग्राम काठाडीह में नवरात्रि पर भक्तिमय माहौल के बीच भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। बाजार चौक में किए गए इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने माताराणी का आशीर्वाद लेकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। जय मां सर्व दुर्गा उत्सव समिति, बाजार चौक की ओर से आयोजन में सरपंच त्रिवेणी नरेंद्र साहू, युवा पंच एवं समाजसेवक नम्मू निषाद सहित पुष्पा धनकर, पिंकी ध्रुव, उत्तरा ध्रुव, हेमलता साहू, हेमलता ध्रुव, त्रिवेणी साहू, विजयलक्ष्मी साहू, हिम्मत धनकर, प्रमोद धनकर, ओमप्रकाश धनकर, प्रभात ध्रुव और पंकज यादव ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।



राजधानी का दुर्लभ मठ, जिसके पट साल में एक बार विजयदशमी पर ही खोलने की परंपरा

आज खुलेंगे प्राचीन मां कंकाली मठ के पट देर शाम तक कर सकेंगे अस्त्र-शस्त्र के दर्शन

रायपुर। वैसे तो राजधानी में मां आदिशक्ति के कई प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर हैं, जिनसे कई रोचक किवदंतियां भी जुड़ी हुई हैं, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करती हैं। इनमें मां कंकाली मठ और मंदिर और निर्माण से जुड़ी एक सच्चाई यह भी है कि जिस स्थान पर वर्तमान में माताजी का श्रीधाम है, वहां 700 साल पहले श्मशानघाट हुआ करता था। पुजारी आकाश शर्मा ने बताया कि महंत कृपालगिरी को स्वप्न में देवी मां ने दर्शन दिए और श्मशानघाट क्षेत्र की खुदाई कराने के लिए सजग किया, लेकिन महंतजी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद बार-बार स्वप्न में देवी आईं तो उन्हें भूल का अहसास हुआ। पुरानी बस्ती स्थित श्मशानघाट की खुदाई कराने से मां कंकाली की स्वयंभू मूर्ति निकली और आसपास अस्त्र-शस्त्र मिले। खुदाई की वजह से श्मशानघाट तालाब बन गया।



तब देवी मां युद्ध के मैदान में ही प्रकट हुईं

मां कंकाली मठ का शस्त्रागार साल में केवल एक ही दिन, यानी दशहरे की सुबह खुलता है। इसके चलते पूजा और दर्शन करने के लिए भक्तों का मेला लगता है। शाम ढलते ही शस्त्रागार एक साल के लिए बंद हो जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के सामने माथा टेकने और अस्त्र-शस्त्र के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि जब भगवान राम और रावण का युद्ध हो रहा था, तब देवी मां युद्ध के मैदान में प्रकट हुईं और श्रीराम को अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित किया था। इस मान्यता के चलते शस्त्रागार का महत्व बढ़ जाता है। लोग इनका दर्शन और पूजन करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

इसलिए साल में एक बार खोले जाते हैं पट

मंदिर का निर्माण श्मशानघाट में होने से नागा साधुओं के तांत्रिक साधना केंद्र के रूप में इसकी ख्याति बढ़ी। नागा साधुओं की समाधि इसके आसपास है। महंत कृपालगिरि ने कंकाली मंदिर का निर्माण कराया।



इसके बाद उन्होंने समाधि ली। मंदिर में नागा साधुओं के कमंडल, वस्त्र, चिमटा, त्रिशूल, ढाल, कुल्हाड़ी आदि संरक्षित हैं। शस्त्रों का पूजन दशहरा के दिन किया जाता है। कहते हैं कि महंत कृपालगिरी स्वप्न की उपेक्षा करने की वजह से इतने आहत हुए कि उन्होंने मंदिर निर्माण के बाद वहीं समाधि ले ली। इतना ही नहीं, मंदिर और शस्त्रागार से जुड़ी हुई एक किवदंती यह भी है कि माता की स्वयंभू मूर्ति को बनवाए गए मंदिर में जाने से पहले माता ने शस्त्रागार के पट सिर्फ विजयदशमी पर खोलने और पूजन की परंपरा निभाने के निर्देश स्वप्न में महंतजी को दिए। इस परंपरा को अब भी मंदिर संचालन से जुड़े लोग निभाते हैं।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्तें लागू

विद्युत नियामक में निदेशक को प्रमोशन के लिए 8 साल इंतजार, आईटी- प्रशासनिक स्टाफ पांच साल में प्रमोट होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) के अधिकारियों और कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ऊर्जा विभाग के अनुसार 'छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्तें) (तृतीय संशोधन) विनियम, 2026' को 1 अक्टूबर 2026 से प्रभावी कर दिया गया है। नए विनियमों के तहत आयोग में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के पदों पर पदोन्नति (प्रमोशन) के लिए आवश्यक न्यूनतम सेवा अवधि (पात्रता वर्ष) तय कर दी गई है। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित नई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं को भी सेवा शर्तों में शामिल कर लिया गया है।

खास खबर

आईटी और प्रशासनिक स्टाफ पांच साल में हो जाएंगे पदोन्नत

आयोग के आईटी, प्रशासनिक, तकनीकी और लेखा कैडर के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए पदोन्नति की न्यूनतम अवधि 5 वर्ष निर्धारित की गई है। आईटी एवं प्रशासनिक अमला: सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर 5 साल की सेवा के बाद कंप्यूटर प्रोग्रामर, निज सहायक 5 साल में निज सचिवऔर कार्यालय सहायक श्रेणी-1 के कर्मचारी 5 साल में अनुभाग अधिकारी (सीनियर आफिसर) के पद पर पदोन्नत हो सकेंगे। तकनीकी व विधिक कैडर के लिए उप निदेशक (इंजीनियरिंग) से संयुक्त निदेशक (इंजीनियरिंग), उप निदेशक (टैरिफ) से संयुक्त निदेशक (टैरिफ), सहायक निदेशक से उप निदेशक, और विधि अधिकारी से वरिष्ठ विधि अधिकारी बनने के लिए 5 साल की अर्हता आवश्यक होगी। आर्थिक व लेखा कैडर: आर्थिक विश्लेषक से आर्थिक सलाहकार और कनिष्ठ लेखा अधिकारी से लेखा अधिकारी के पद पर प्रमोशन के लिए भी 5-5 वर्ष की सेवा सीमा तय की गई है।

नई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं को भी सेवा शर्तों में किया शामिल



निदेशक स्तर के पदों पर प्रमोशन के लिए 8 साल का अनुभव जरूरी

आयोग के शीर्ष प्रशासनिक व तकनीकी पदों पर पदोन्नति के लिए अधिकारियों को 8 साल का इंतजार करना होगा। नए नियमों के मुताबिक निदेशक (इंजीनियरिंग): संयुक्त निदेशक (इंजीनियरिंग) के पद पर न्यूनतम 8 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अधिकारी ही निदेशक (इंजीनियरिंग) बन सकेंगे। निदेशक (टैरिफ) एवं निदेशक (विधि): संयुक्त निदेशक (टैरिफ) और वरिष्ठ विधि अधिकारी के पदों से निदेशक पद पर पदोन्नति के लिए भी 8-8 वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया गया है।

तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी रास्ते साफ

कार्यालयीन सहायकों और निचले अमले की पदोन्नति प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाया गया है। स्टेनो-टाइपिस्ट से स्टेनोग्राफर, कार्यालय सहायक श्रेणी-3 से श्रेणी-2 और श्रेणी-2 से श्रेणी-1 के पद पर प्रमोशन के लिए 5 वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी पदोन्नति का अवसर दिया गया है। राज्य शासन के नियमानुसार निर्धारित अर्हता रखने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 5 साल की सेवा के बाद कार्यालय सहायक श्रेणी-3 बन सकेंगे। शासकीय लेखा प्रशिक्षण पास करने वाले कार्यालय सहायक श्रेणी-2 के कर्मचारी 5 साल बाद कनिष्ठ लेखा अधिकारी पद के लिए पात्र होंगे।

पद खाली न होने पर मिलेगा उच्च वेतनमान

नियमों में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि स्वीकृत पद संरचना में जगह उपलब्ध न होने के कारण कोई पात्र अधिकारी या कर्मचारी पदोन्नति से वंचित रह जाता है, तो उसे अगले उच्च पद के लिए देय उच्च वेतनमान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए आयोग अलग से विस्तृत आदेश जारी करेगा। इन सभी पदों पर भर्ती और पदोन्नति के दौरान राज्य सरकार की आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट संबंधी नीतियां यथावत लागू रहेंगी।

शहर की सुंदरता पर ग्रहण, जर्जर हुए रोड डिवाइडर रेलिंग, स्ट्रीट लाइट बंद व सड़कों पर धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के कई मार्गों की सुंदरता इन दिनों खत्म हो चुकी है। इन मार्गों को सौंदर्यीकरण करने के लिए रोड डिवाइडरों कलर कराने से लेकर रेलिंग और विद्युत लाइटें लगाई गई हैं। इनमें से कई मार्गों पर मेंटनेंस के अभाव में अब रोड डिवाइडर बैरंग एवं क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, वहीं रेलिंग कहीं जर्जर होकर टूट-फूट तो कहीं चोरी हो चुकी है। सड़कों पर धूल की भी भरमार है, जिसके कारण डिवाइडरों पर लगाए गए हरे-भरे पौधों पर भी धूल की परतें जम चुकी हैं। इसके अलावा कई सड़के जर्जर एवं गड्ढों से भरी हुई है। इस तरह शहर की सुंदरता पर ग्रहण लगा हुआ है, जिसे दूर करने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। इसे देखते हुए लग रहा है कि इस बार की दीपावली पर भी शहर के मार्गों की सुंदरता गायब रहेगी।



केस 1
पचपेड़ी नाका से पुजारी पार्क तक डिवाइडर लगभग पूरी तरह से बैरंग एवं जर्जर होने के साथ कहीं-कहीं क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस मार्ग पर धूल से भी लोग खासा परेशान है। रेलिंग भी कहीं-कहीं टूट-फूट गई है।

केस 2
संतोषीनगर से सिद्धार्थ चौक तक भी रोड डिवाइडर कई जगह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो गया है।

केस 3
सिद्धार्थक चौक से कालीबाड़ी चौक तक भी डिवाइडर बैरंग होने के साथ कई जगह से क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो चुका है।

केस 4
बूढ़ातालाब इंडोर स्टेडियम के पास डिवाइडर भी एक जगह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। यहां लगे रेलिंग भी कहीं-कहीं गायब हो चुकी है।

कई महीनों से मेंटनेंस नहीं

हरिभूमि ने शनिवार को शहर के कई मार्ग की पड़ताल की। इससे पता चला कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं नगर निगम द्वारा शहर को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए सड़कों पर डिवाइडर की रंगाई कराने से लेकर लोहे की रेलिंग, विद्युत पोल, पौधे लगाए तो गए हैं, जिस पर लाखों रुपए खर्च भी हुए है, लेकिन इनकी सुंदरता बनाए रखने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। पिछले कई महीनों से इन डिवाइडर, रेलिंग, पौधों का मेंटनेंस करने का काम बंद है। इसके अभाव में अब डिवाइडरों पर लगे रंग बारिश और तेज धूप के कारण बैरंग हो चुके है, वहीं कई जगह डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गए है, तथा कहीं-कहीं रेलिंग भी जर्जर हो गई है जिसकी मरम्मत या बदलने की कार्यवाही तक नहीं की जा रही है। कई मार्ग पर धूल से लोग बेहाल है। सड़क से धूल हटाने के लिए भी कोई ठोस प्लानिंग नहीं की गई है। सड़कों पर चलने वाले लोग धूल से परेशान हो रहे हैं। शहर में महादेव घाट रोड, हीरापुर, रायपुरा, तेलीबांधा, पंडरी सहित कई इलाकों के मार्गों पर इस तरह की स्थिति है।

बिजनेस साइट

रायपुर में सजा हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट एक्सपो देशभर की कला और हस्तशिल्प बने आकर्षण

रायपुर। राजधानी के साईं नगर, देवेंद्र नगर में ऑफिसर कॉलोनी गेट नंबर-1 के सामने आयोजित हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट एक्सपो शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक कला, हथकरघा वस्त्र और हस्तनिर्मित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। एक्सपो में बनारसी, बंगाली, कश्मीरी और भागलपुरी सिल्क साड़ियों के साथ खादी वस्त्र, लखनवी चिकनकारी, पंजाबी फुलकारी, कुर्ती, टॉप और डिजाइनर परिधान उपलब्ध हैं। इसके अलावा जूट बैग, पर्स, कुशन कवर, क्रॉकरी, टेराकोटा, कॉस्मेटिक उत्पाद और होम डेकोरेशन की वस्तुएं भी खरीदारी के लिए रखी गई हैं। आयोजकों के अनुसार, एक्सपो का उद्देश्य भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा परंपरा को बढ़ावा देना तथा कारीगरों को ग्राहकों तक पहुंचने का मंच उपलब्ध कराना है। यह आयोजन देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर भी दे रहा है।



सद्गुरु ऑटोमोबाइल्स ने सरोना में खोला योकोहामा का दूसरा भव्य स्टोर

रायपुर। सद्गुरु ऑटोमोबाइल्स ने रायपुर के सरोना स्थित रिंगरोड नंबर-1 पर विश्वप्रसिद्ध टायर ब्रांड योकोहामा के योकोहामा क्लब नेटवर्क स्टोर का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में सिद्धार्थ गवेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह रायपुर में सद्गुरु ऑटोमोबाइल्स का दूसरा आउटलेट है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस स्टोर में पैसेंजर कारों और एसयूवी के लिए प्रीमियम टायरों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। ग्राहकों को वाहन के मॉडल और ड्राइविंग जरूरतों के अनुसार टायर चयन के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी मिलेगा। इसके अलावा, वाहनों की सुरक्षा और बेहतर प्रदर्शन के लिए व्हील अलाइनमेंट एवं व्हील बैलेंसिंग की अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। सद्गुरु ऑटोमोबाइल्स के प्रतिनिधि ने बताया कि नए आउटलेट का उद्देश्य ग्राहकों को विश्वस्तरीय टायर तकनीक, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और बेहतर सर्विस उपलब्ध कराना है। स्टोर के शुरू होने से रायपुर के प्रीमियम टायर बाजार को नई सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।



आगामी वेडिंग सीजन के लिए वस्त्रम विकास में शानदार फैशन कलेक्शन

रायपुर। शादी के सीजन को देखते हुए रायपुर के प्रतिष्ठित फैमिली फैशन स्टोर वस्त्रम विकास में वेडिंग कलेक्शन की वृहद रेंज उपलब्ध कराई गई है। इसमें दूल्हा-दुल्हन से लेकर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए आकर्षक परिधानों की विविधता मिलेगी। कलेक्शन में ब्राइडल लहंगे, डिजाइनर साड़ियां, रॉयल शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न ड्रेस और कुर्ता सेट शामिल हैं। मेहंदी, हल्दी, संगीत, विवाह और रिसेप्शन जैसे विभिन्न अवसरों के लिए अलग-अलग डिजाइन, रंग और गुणवत्ता वाले परिधान उपलब्ध हैं। स्टोर संचालक केपी देवांगन ने बताया कि संस्थान ग्राहकों के त्योहारों और वैवाहिक आयोजनों को खास बनाने के लिए आकर्षक ऑफर उपलब्ध करा रहा है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पसंद के परिधान बजट में उपलब्ध कराना है। वस्त्रम विकास का कलेक्शन पंडरी टेक्सटाइल मार्केट, विकास टावर सुंदर नगर, आईजीवी मार्केट, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क, कोटा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड और डुंडा स्थित पुरानी धमतरी रोड की शाखाओं में उपलब्ध है।

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में गरबा उत्सव की धूम

रायपुर। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के रायपुर सिटी कैंपस में नवरात्रि के अवसर पर गरबा उत्सव का आयोजन उत्साह और भक्तिभाव के साथ किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती एवं पूजा-अर्चना से हुई। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बीबीए प्रथम सेमेस्टर के सागर को बेस्ट गरबा डांस (बालक वर्ग) और बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की अनमोल को (बालिका वर्ग) सम्मानित किया गया। वहीं, बीसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्राएं हिना और पलक बेस्ट ड्रेस श्रेणी में पुरस्कृत हुईं। चांसलर डॉ. विनय अग्रवाल ने विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान बढ़ाते हैं।

चंदखुरी में बदलेगी भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा दीपावली तक स्थापना की तैयारी

पुरानी 51 फीट की प्रतिमा का पिछला हिस्सा टूटकर गिरने के बाद तेज हुई प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चंदखुरी स्थित माता कौशल्या धाम में भगवान श्रीराम की नई प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी तेज हो गई है। वर्तमान में स्थापित 51 फीट ऊंची प्रतिमा का पिछला हिस्सा क्रैक होकर गिरने के बाद इसे बदलने की प्रक्रिया में तेजी आई है। ग्वालियर में तैयार नई प्रतिमा एक साल से अधिक समय से बोढ़ी गांव में रखी हुई है। अब इसे दीपावली और तुलसी पूजा के बीच शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि नई प्रतिमा को स्थापित करने से पहले मूर्ती की अच्छे से सफाई और फिनिसिंग का कार्य किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि नई प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित है। इसे स्थापित करने के संबंध में संतों से चर्चा हो चुकी है। प्रयास है कि दीपावली और तुलसी पूजा के बीच प्रतिमा की स्थापना कर दी जाए। हालांकि, स्थापना की अंतिम तारीख मंदिर समिति तय करेगी।

14 पत्थरों को जोड़कर तैयार की गई प्रतिमा

चंदखुरी में स्थापित की जाने वाली नई प्रतिमा भी 51 फीट ऊंची होगी। इसे दो-दो टन के 14 पत्थरों को जोड़कर तैयार किया गया है। प्रतिमा के अलग-अलग हिस्सों को बड़े क्रेन की मदद से एक-एक कर जोड़ते हुए स्थापित किया जाएगा। वहीं, पुरानी प्रतिमा को हटाना भी चुनौतीपूर्ण होगा। मूर्तिकार के अनुसार, पुरानी प्रतिमा की स्थापना के दौरान भी बड़ी क्रेनों का इस्तेमाल किया गया था। अब उसे हटाने के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था करनी होगी।जानकारी के अनुसार, नई प्रतिमा का स्वरूप शिवरीनारायण और सीतामढ़ी हरचौका में स्थापित प्रतिमाओं जैसा होगा। चंदखुरी की मौजूदा प्रतिमा को लेकर पिछली सरकार के समय से विवाद उठते रहे हैं। अब नई प्रतिमा स्थापित होने से धाम को नया स्वरूप मिलने की उम्मीद है।

नई प्रतिमा सुरक्षित है

नई प्रतिमा सुरक्षित है। इसे स्थापित करने के संबंध में मंदिर समिति से बातचीत जारी है। हमारा प्रयास है कि दीपावली और तुलसी पूजा के बीच नई प्रतिमा स्थापित कर दी जाए।
- नीलू शर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड

आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक पहुंचेगी रेल लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के रेल इतिहास में मंगलवार का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज होने जा रहा है। आजादी के बाद पहली बार रावघाट तक रेल पहुंचेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में ताड़ोकी - रावघाट रेल लाइन एवं अभनपुर - कुरूद ब्रॉडगेज रेल लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर रावघाट - रायपुर एवं रायपुर - कुरुद नई यात्री रेल सेवाओं का शुभारंभ तथा रायपुर में इलेक्ट्रिक रेल इंजन मेंटेनेंस फैसिलिटी का शिलान्यास भी होगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आज ताड़ोकी - रावघाट एवं अभनपुर - कुरुद ब्रॉडगेज रेल लाइन का होगा उद्घाटन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि रावघाट तक रेल पहुंचना केवल रेल नेटवर्क का विस्तार नहीं, बल्कि बस्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों को विकास की नई संभावनाओं से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार और आवागमन की सुविधाओं का विस्तार होगा तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल अधोसंरचना का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के दूरस्थ और जनजातीय अंचलों तक भी आधुनिक परिवहन सुविधाएं पहुंचें और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो।

पहलवान कन्हैयालाल कसार की स्मृति में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

रायपुर। पहलवान स्व. कन्हैयालाल कसार की 24वीं पुण्यतिथि पर रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव कमल प्रसाद कसार, प्राचार्या श्वेता वासनिक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कन्हैयालाल कसार ने अपना जीवन कुश्ती और समाजसेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने जाति-धर्म का भेदभाव किए बिना लोगों को कुश्ती सिखाई। जरूरतमंद परिवारों की करीब 1200 बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग भी किया। सभी बच्चों को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने रायपुर कॉन्वेंट विद्यालय की स्थापना की। समारोह में चंचल साहू (95.83%), तारा पटेल (93.6%), काजल यादव (92.05%), जानवी निर्मलकर (91.6%) सहित 10 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उपस्थितजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा और उनके योगदान को याद किया।









राज्य के 360 नए धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों की व्यवस्था, तैयारियों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों को धान बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और खरीदी केंद्रों में भीड़ तथा अव्यवस्था से बचा जा सके, इसके लिए प्रदेश में 360 नए धान खरीदी केंद्र शुरू किए गए हैं। इन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बारदाना, बिजली, पेयजल और धान के सुरक्षित भंडारण सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खरीदी शुरू होने से पहले सभी केंद्रों पर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा लिए जाएं। विभागीय तैयारियों में नए केंद्रों की व्यवस्थाओं के साथ बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता और खरीदे गए धान के परिवहन पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

खास खबर

बारदाना, बिजली, पेयजल और भंडारण की सुविधा समय पर जुटाने के निर्देश

तौल मशीनों से लेकर बारदानों तक की तैयारी

नए खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। धान की सही तौल किसान को भुगतान और खरीदी के अभिलेखों के लिए जरूरी है। इसलिए मशीनों की उपलब्धता के साथ उनका सही ढंग से काम करना, समय-समय पर जांच और तौल में पारदर्शिता बनाए रखना भी आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्याप्त बारदाने, बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध रहें, ताकि किसानों को धान बेचने के दौरान परेशानी न हो।



एक तिहाई नए जूट बारदानों की व्यवस्था

धान खरीदी में बारदानों की उपलब्धता अहम है। विपणन संघ 3.64 लाख गठान नए जूट बारदानों की व्यवस्था कर रहा है। इनमें से 1.14 लाख गठान बारदाने प्राप्त हो गई थी। शेष बारदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया है। नए खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक मशीनों की जांच और तौल पर्ची उपलब्ध कराने की व्यवस्था। खरीदी की मात्रा के अनुरूप पर्याप्त खाली बारदानों का भंडार। खरीदे गए धान को बारिश, नमी और अन्य नुकसान से बचाने की व्यवस्था तय समय में करने कहा गया है।

खरीदी शुरू होने से पहले होगा असली इम्तिहान

नए केंद्र खोलने से किसानों को सुविधा मिलने की उम्मीद है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब सभी व्यवस्थाएं जमीन पर उपलब्ध होंगी। प्रशासन के सामने चुनौती यह है कि प्रत्येक केंद्र पर तौल मशीनें चालू हालत में रहें, बारदानों की कमी न हो और धान का उठाव नियमित होता रहे। किसानों के लिए यह भी महत्वपूर्ण होगा कि तौल के समय उनके सामने वजन दर्ज किया जाए और उन्हें निर्धारित मात्रा के अनुरूप पर्ची मिले। किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर शिकायत दर्ज कराने और उसका निराकरण करने की व्यवस्था भी प्रभावी होनी चाहिए।

खरीदी केंद्रों पर तौल उपकरणों की समुचित व्यवस्था

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी की तैयारियां तेज हो गई हैं, जिसके तहत टोकन वितरण से लेकर धान के उठाव तक की व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। नए और पुराने सभी खरीदी केंद्रों पर धान की सही नाप के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरणों की समुचित व्यवस्था की जाएगी। किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए पंजीयन और टोकन वितरण को सुचारु बनाया जाएगा।

खबर संक्षेप



विनय-विवेक के बिना धन और यौवन व्यर्थ : संवेगरत्न सागर

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास के तहत नौ दिवसीय शाश्वत नवपद ओली आराधना के दूसरे दिन सोमवार को सिद्ध पद की आराधना की गई। मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी आदि ठाणा की निश्रा में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने सिद्ध पद का महत्व बताते हुए कहा कि आत्मा को कर्मों के बंधन से मुक्त कर मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए यह आराधना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि धन के साथ विनय, यौवन के साथ विवेक और शरीर के साथ संयम होना जरूरी है। विनय और विवेक के अभाव में धन उपद्रव का कारण बन सकता है, जबकि विवेक के बिना यौवन व्यक्ति को भटका सकता है। इसी तरह मोक्ष प्राप्ति का लक्ष्य और संयम नहीं हो तो शीलवान शरीर और मनचाही पात्रता भी आत्मकल्याण में सहायक नहीं बन पाती। जीवन में संसार बढ़ाने के बजाय उसे समेटने का पुरुषार्थ करना चाहिए।

रायपुर में सबसे ज्यादा 100 करोड़ के कारोबार की संभावना

पटाखों पर भी महंगाई की मार, 15 फीसदी तक बढ़े दाम, प्रदेश में होगा 500 करोड़ का बम फोड़ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में जहां ज्यादातर सामान महंगे हो गए हैं, वहीं पटाखों पर भी महंगाई की मार पड़ी है। पटाखे 10 से 15 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। अपने प्रदेश में भी ज्यादातर पटाखे शिवकाशी से आते हैं। वैसे लोकल पटाखे भी बनते हैं। प्रदेश में इस बार पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा 100 करोड़ का कारोबार होगा।

हरिभूमि सरोकार

इसी के साथ गांवों से लेकर शहरों तक बड़ा कारोबार होगा। इस बार भी कुछ नए आइटम बाजार में आए हैं। अब तक बाजार पूरी तरह से गुलजार नहीं हुए हैं। आने वाले सप्ताह में दशहरे के बाद जब अस्थाई बाजार लगेंगे, तो बिक्री की रफ्तार में इजाफा होगा। अभी कारोबार की रफ्तार धीमी है। दीपावली पर वैसे तो सबसे बड़ा कारोबार आटोमोबाइल, सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ों, बर्तनों का होता है, लेकिन मिठाई और पटाखों के बिना दीपावली फीकी रहती है। पटाखों का कारोबार दूसरे बड़े सेक्टरों की तरह ज्यादा नहीं होता, लेकिन फिर भी पूरे प्रदेश में इसका अच्छा कारोबार होता है।



गांव से लेकर शहरों तक कारोबार

पटाखों का कारोबार पूरे प्रदेश में गांव से लेकर शहरों तक फैला है। हर गांव में जहां लाइसेंसधारी कारोबारी पटाखा बेचते हैं, वहीं बिना लाइसेंस वाले कारोबारियों की भी कमी नहीं है। छोटे गांवों में किराना दुकानों पर भी पटाखे बिकते हैं। इसी तरह से शहरों में भी लाइसेंसधारी दुकानदारों के अलावा थोक में अवैध कारोबारी भी पटाखा बेचते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो सौ से ज्यादा पटाखा दुकानें हैं। इसी के साथ कई लोग ठेलों पर भी पटाखा बेचते हैं, इनके पास लाइसेंस नहीं रहता है। जानकारों के मुताबिक रायपुर की बड़ी दुकानों में दीपावली पर पचास लाख से एक करोड़ तक का कारोबार हो जाता है। छोटी दुकानों में भी दस से बीस लाख का कारोबार आसानी से हो जाता है। गांवों में भी कारोबारी दस हजार से लेकर पचास हजार तक का कारोबार कर लेते हैं। राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा कारोबार होता है। यहां पर सौ करोड़ के कारोबार की संभावना है।

कई नए आइटम भी

इस बार भी कुछ नए आइटम बाजार में आए हैं। बच्चों के लिए मैरी गो राउंड स्पार्क बहुत प्रसिद्ध है। इसके दाम तीन सौ रुपए से प्रारंभ होते हैं। इसको बच्चे बहुत पसंद करते हैं। थंडर फ्लैश कॉक ब्रांड का नया लॉन्च किया गया तेज आवाज और रोशनी वाला पटाखा है। इसकी कीमत दस पीस वाले बॉक्स की 250 रुपए है। हैंड स्काई शॉट इसे हाथ में पकड़कर चलाया जाता है, जो ऊपर जाकर आसमान में रोशनी छोड़ता है। इसकी कीमत शॉट के हिसाब से अलग-अलग है। इसकी शुरुआती कीमत 800 रुपए है।आगे इसके दाम तीन हजार तक है। गोल्ड आइसक्रीम फाउंटेन सॉफ्टी आइसक्रीम के आकार का फाउंटेन पटाखा जो स्टैंड पर लगाकर चलाया जाता है। इसके दाम दो से तीन सौ रुपए हैं।

स्काई शॉट सबसे महंगा पटाखा

कारोबारियों के मुताबिक इस बार भी पटाखों के दाम में 10 से 15 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। जो अनार बीते साल 90 रुपए में मिलता था, उसके दाम इस बार सौ रुपए हो गए हैं। बम की बात करें तो दो सौ वाला बम का पैकेट इस बार दो सौ 30 रुपए हो गया है। छोटे से लेकर बड़े सभी आइटमों के दाम बढ़े हैं। पांच सौ वाली लड़ी पहले 230 रुपए की आती थी, इसके दाम अब 250 रुपए हो गए हैं। हजार वाली लड़ी के दाम पांच से छह सौ रुपए हैं। दो हजार वाली लड़ी के दाम 12 से 15 सौ रुपए, पांच हजार वाली लड़ी के दाम तीन से चार हजार और दस हजार वाली लड़ी के दाम छह से आठ हजार हैं। अलग-अलग कंपनी के दाम अलग-अलग हैं। सबसे महंगा पटाखा स्काई शॉट वाला है। इसके दाम पांच हजार से लेकर 20 हजार तक हैं। यह 15 मिनट से लेकर 60 मिनट तक चलता है।

ज्यादा फीस की वसूली, प्राइवेट मेडिकल कालेजों पर अपराध दर्ज करने पुलिस कमिश्नर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तय शुल्क से ज्यादा फीस की वसूली के मामले में निजी मेडिकल कालेजों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। इसे लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला से शिकायत की है। शिकायत में बताया गया है कि विद्यार्थियों को ब्याज सहित राशि लौटाने के साथ कालेजों को जुर्माना पटाने का शासन से आदेश भी हुआ था, जिसका पालन नहीं किया गया।

- विद्यार्थियों को ब्याज सहित राशि लौटाने, जुर्माना का आदेश नहीं माना

सामाजिक कार्यकर्ता निश्चय बाजपेयी ने पुलिस कमिश्नर से सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि फीस विनियामक समिति एवं छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेशों के बावजूद निजी मेडिकल कॉलेज विद्यार्थियों से निर्धारित वास्तविक व्यय से अधिक फीस की कथित पुनः वसूली, पूर्व निर्धारित राशि वापस नहीं कर रहे है, जबकि संबंधित राशि विद्यार्थियों को एक माह के भीतर राशि लौटाने और ऐसा नहीं करने पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने का निर्देश जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त, तीनों महाविद्यालयों पर 10-10 लाख का जुर्माना भी लगाया गया था। उन्होंने कहा कि इस आदेश के बावजूद संबंधित महाविद्यालयों ने अब तक विद्यार्थियों को निर्धारित अतिरिक्त फीस की राशि वापस नहीं की है। शिकायतकर्ता स्वयं पीड़ित पक्षकार एवं साक्षी है कि संबंधित महाविद्यालयों द्वारा पुनः वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भी निर्धारित फीस से अधिक राशि वसूल की है। इन निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318, 316, 308, 223 एवं अन्य उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत जांच कर कार्रवाई की जाए।

अशोक एनआईटी के नए कुलसचिव



रायपुर। अशोक कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) का नया कुलसचिव नियुक्त किया गया है। वे आईआईटी भिलाई से प्रतिनियुक्ति पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पदस्थ हुए हैं। उन्हें शैक्षणिक संस्थानों के प्रशासन के क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव प्राप्त है। एनआईटी रायपुर में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे दिसंबर 2017 से आईआईटी भिलाई में अपर कुलसचिव एवं उप कुलसचिव के पद पर कार्यरत रह चुके हैं।

महिलाओं के बनाए वीडियो, तीन धरे गए



रायपुर। राजधानी रायपुर में महिलाओं और युवतियों नहाते वक्त वीडियो बनाकर साथियों से शेयर करने के मामले में गोलबाजार पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें धर-दबोचा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के अलावा मोहल्ले की तीन अन्य लड़कियों के भी निजी वीडियो बनाए गए थे। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

नए संगठन महामंत्री कर्मवीर करेंगे जिलों का दौरा, बस्तर से आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह संगठन को और मजबूत करने और जिलों के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के लिए जिलों का दौरा कर बैठकें लेंगे। इसका आगाज बस्तर से हो गया है। आने वाले समय में समय निकालकर संगठन महामंत्री जिलों में जाएंगे और पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

नव दायित्व संभालने के बाद कर्मवीर सिंह प्रथम बस्तर प्रवास पर पहुंचे और सर्वप्रथम दंतेवाड़ा शक्तिपीठ में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद पाया। संभाग मुख्यालय जगदलपुर में भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिंह का जोशीला व आत्मीय स्वागत किया। परिचयात्मक बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया और जनता से अधिक से अधिक संवाद स्थापित करने कहा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिंह ने कहा, बस्तर बहुत विशेष है। वर्तमान में देश काल में जैसी परिस्थितियां जानबूझकर कर निर्मित करने प्रयास रचे जा रहे हैं, सभी भाजपा कार्यकर्ता हर क्षेत्र में जनता से सीधे जुड़कर संवाद बनाएं।

वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा का अभियान 'चोर मचाए शोर' : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कांग्रेस के 'वोट बचाओ–लोकतंत्र बचाओ' अभियान के विरोध में भाजपा के कार्यक्रम को 'वोट चोरी और ज्ञानेश कुमार के समर्थन में अभियान' करार दिया। उन्होंने इसे 'चोर मचाए शोर' बताते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले उजागर होने के बाद भाजपा मुख्य निर्वाचन आयुक्त के बचाव में उतर आई है।

उन्होंने कहा, मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को केवल प्रशासनिक चूक बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया के नाम पर गरीबों, किसानों, मजदूरों, आदिवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं के नाम सुनियोजित तरीके से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मताधिकार संविधान से मिला महत्वपूर्ण अधिकार है और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था की जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में छह लाख मतदाताओं को मृत और 19 लाख से अधिक मतदाताओं को स्थानांतरित बताकर मतदाता सूची से बाहर किया गया। उन्होंने इन आंकड़ों के आधार पर पुनरीक्षण की प्रक्रिया और नाम विलोपन के तरीकों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और पात्र मतदाताओं के नाम सूची में बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

विशेष पुनरीक्षण अभियान, 27 हजार से अधिक बीएलओ की लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में सुधार और मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का कार्यक्रम तय किया है। इसके तहत मतदान केंद्रों की समीक्षा और पुनर्व्यवस्था की जाएगी। आयोग की तय समय-सारणी के अनुसार, 12 नवंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। मतदाता इसमें अपना नाम, पता और मतदान केंद्र से जुड़ी जानकारी जांच सकेंगे। वहीं, अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित की जाएगी। राज्य में लगभग 27 बूथ लेवल अधिकारी यहां तैनात होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा इनके आदेश जारी कर दिया गया है। संबंधित जिले के डीईओ के माध्यम से शिक्षकों को स्कूल खुलने के बाद तामिल किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण और पुनर्व्यवस्था की प्रक्रिया 2 नवंबर तक पूरी की जानी है। इसका उद्देश्य मतदान केंद्रों की व्यवस्था को बेहतर बनाना और मतदाताओं को मतदान के दौरान होने वाली परेशानियों से बचाना है। आयोग के निर्देशों के मुताबिक, मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए किसी मतदाता को दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े यह तय किए जाएंगे। वहीं यह भी देखा जाएगा कि 1200 से अधिक मतदाता उस केंद्र में हैं, तो उन्हें दूसरे पास वाले मतदान केंद्रों में शिफ्ट किया जाएगा।



पास वाले मतदान केंद्रों में रखे जाएंगे मतदाता

मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के दौरान एक परिवार के सदस्यों को अलग-अलग मतदान केंद्रों में न जाना पड़े। एक ही मकान, फ्लैट या टावर में रहने वाले परिवारों के नाम एक ही मतदान केंद्र में रखने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, एक कॉलोनी में रहने वाले मतदाताओं को भी एक ही भाग में रखने की कोशिश होगी। मतदाताओं को इससे अपने मतदान केंद्र की जानकारी हासिल करने और मतदान के दिन सही जगह पहुंचने में आसानी हो।

लक्ष्मी वर्मा ने कहा- नगरीय निकाय चुनाव में लाभ लेने भूपेश कर रहे अनर्गल बयानबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा, कांग्रेस लगातार हार के डर और हताशा के कारण पहले संवैधानिक संस्थाओं और अब देश के प्रमुख आर्थिक संस्थानों पर अनर्गल आरोप लगाकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उनका कहना है, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण की केंद्र सरकार की कोई नीति या मंशा नहीं है। सेल प्रबंधन की ओर से भी इस बात का स्पष्टीकरण आ चुका है।

श्रीमती वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सोशल मीडिया व बयानों के जरिए बीएसपी को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए कहा, भिलाई में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस यह भ्रामक दुष्प्रचार कर रही है।

लम्बे समय से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस तुष्टीकरण, झूठ और भ्रमजाल की राजनीति पर उतर आई है ताकि लोगों को दिग्भ्रमित कर वोट हासिल किया जा सके। श्रीमती वर्मा ने मांग की कि सेल प्रबंधन और इस्पात मंत्रालय ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराए, जो बिना किसी तथ्य व प्रमाण के प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों को लेकर सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों से अफवाह फैला रहे हैं। यदि कांग्रेस के पास कोई पुख्ता और प्रामाणिक तथ्य हैं, तो वे जनता के सामने रखें, केवल बयानबाजी से जनता को गुमराह न करें।

'वोट बचाओ–देश बचाओ' आंदोलन के तहत कांग्रेस की मोटरसाइकिल रैली

कांग्रेस ने मतदाता सूची में पारदर्शिता और मताधिकार की सुरक्षा की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'वोट बचाओ–देश बचाओ' आंदोलन के तहत सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर के अध्यक्ष अजितेश शर्मा और तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष बलदाऊ साहू के संयुक्त आयोजन में निकाली गई रैली में जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

रैली एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में दीनदयाल चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने और मताधिकार से संबंधित शिकायतों का निष्पक्ष निराकरण करने की मांग की।



लोकतंत्र में हर पात्र नागरिक का मत महत्वपूर्ण : शर्मा

रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा, लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर निर्भर करती है। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और मताधिकार का प्रयोग करने का समान अवसर मिलना चाहिए। मताधिकार की रक्षा लोकतंत्र की रक्षा- बंजारे जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, संविधान का अनुच्छेद 326 वयस्क मताधिकार के सिद्धांत को स्थापित करता है। उनके अनुसार, 'वोट बचाओ–देश बचाओ' आंदोलन का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और निर्वाचन प्रक्रिया में जवाबदेही की मांग करना है।